


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 360 | कोरबा, रविवार, दिनांक 29 सितम्बर 2024 डाक 30 सितम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैदराबाद में नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के 21वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक छात्र को पदक प्रदान करती हुई



**देश-विदेश**

पहले चरण में भाजपा ने बनाए छह करोड़ सदस्य, असम रहा सबसे आगे



**फीचर पेज**

बेबी प्लानिंग के दौरान भूलकर भी ना खाएं ये फूड्स, गर्भधारण में होगी दिक्कत!



## मन की बात के 10 साल पूरे, पीएम मोदी ने कहा- करोड़ों श्रोता इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार




नईदिल्ली, 29 सितम्बर [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मन की बात कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार। मन की बात में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है। आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि मन की बात की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले मन की बात का प्रारंभ 3 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है, कि इस साल 3 अक्तूबर को जब मन की बात के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा। उन्होंने कहा कि मन की बात की इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता। मन की बात के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। आमतौर पर एक धारणा ऐसी घर कर गई है कि जब तक चटपटी बातें न हो, नकारात्मक बातें न हो तब तक उसको ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती है। पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें, प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण, हौसला देने वाली गाथाएं, लोगों को बहुत पसंद आती हैं। जैसे एक पक्षी होता है चकोर, जिसके बारे में कहा जाता है कि वो सिर्फ वर्षा की बूंद ही पीता है। मन की बात में हमने देखा कि लोग भी चकोर पक्षी की तरह देश की उपलब्धियों को, लोगों की सामूहिक उपलब्धियों को, कितने गर्व से सुनते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात की 10 वर्ष की यात्रा ने एक ऐसी माला तैयार की है, जिसमें हर कार्यक्रम के साथ नई गाथाएं, नए कीर्तिमान, नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं। हमारे समाज में सामूहिकता की भावना के साथ जो भी काम हो रहा हो, उन्हें मन की बात के द्वारा सम्मान मिलता है। मेरा मन भी तभी गर्व से भर जाता है, जब मैं मन की बात के लिए आई चिठ्ठियों को पढ़ता हूं। इस कार्यक्रम की शुरुआत तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी।

इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है, जिसमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान वे महिला सुरक्षा, अमेरिका दौरा, जम्मू-कश्मीर हरियाणा चुनाव जैसे मुद्दों पर बात कर सकते हैं। इसके अलावा चेस चैंपियंस, पैरालंपिक खिलाड़ियों से मुलाकात और पोषण माह पर भी चर्चा की संभावना है। हर साल एक सितम्बर से 30 सितम्बर के बीच पोषण माह मनाया जाता है। पोषण को लेकर लोगों को जागरूक बनाने के लिए पोषण मेला, एनीमिया शिविर, नवजात शिशुओं के घर की विजिट, सेमिनार, वेबिनार जैसे कई तरीके अपनाए जाते हैं।

## हड़ताली डॉक्टरों को टीएमसी विधायक ने दी धमकी बोले- काम पर वापस लाने में मुझे दो मिनट लगेंगे

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप के बाद हत्या मामले में बंगाल में कई डॉक्टर हड़ताल पर हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कई बार डॉक्टरों से मुलाकात कर हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है।इस बीच तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने इन जूनियर डॉक्टरों को धमकी देकर विवाद खड़ा कर दिया है। दरअसल, बरहामपुर में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जूनियर डॉक्टर कई दिनों से हड़ताल पर हैं। अब उन्हें टीएमसी विधायक ने उनके रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वे वातानुकूलित कमरों में आंदोलन और विरोध कर हैं जबकि आम जनता सड़कों पर परेशान हो रही है। विधायक ने आगे गुंडागर्दी वाले स्वर में कहा कि क्या ये लोग डॉक्टर कहलाने के लायक हैं। उन्हें उनके कार्यस्थल पर वापस लाने में मुझे दो मिनट लगेंगे। कबीर ने मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों का जिक्र किया, लेकिन उन्होंने यह टिप्पणी जूनियर डॉक्टरों द्वारा 30 सितंबर की दोपहर से प्रस्तावित काम बंद करो की पृष्ठभूमि में की। वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि तृणमूल नेताओं के गैरजिम्मेदाराना बयानों से स्थिति और बिगड़ रही है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी को डिफ्यूज करने में धमाका

### सीआरपीएफ के 5 जवान घायल




बीजापुर, 29 सितम्बर [एजेंसी]।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तर्रेम थाना इलाके में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट से 5 जवान घायल हो गए। पुलिस के अनुसार जवान चिन्नागेलुर सीआरपीएफ कैंप से डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकले थे। डिमाइनिंग के दौरान आईईडी डिफ्यूज करते वक्त उसमें ब्लास्ट होने से 5 जवानों को सामान्य चोंट आई है। घायल जवानों को मेडिकल कैंप में प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बीजापुर जिला मुख्यालय लाया जा रहा है। एसपी बीजापुर इस घटना की पुष्टि की है। घटना रविवार सुबह 7 बजे की आसपास की बताई जा रही है।घायलों में एक असिस्टेंट कमांडेंट, एक इंस्पेक्टर सहित 3 कांस्टेबल शामिल हैं। यह सभी 153 वीं बटालियन के हैं। जानकारी के मुताबिक यह सभी सुबह सर्चिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान आईईडी की डिमाइनिंग करने के दौरान यह हादसा हो गया। आईडी ब्लास्ट होने पर पांच जवानों को चोट आई है।

यह सभी फिलहाल खतरे से बाहर हैं। तर्रेम में प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बीजापुर रेफर किया गया है। बीजापुर जिले में पिछले सात महीनों से लगातार आईईडी धमाके की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें जवानों को नुकसान उठाना पड़ा है।

### *लगातार बारिश से कच्चे मकान की छत ढही, सगे भाई-बहन की मौत, 4 घायल*

***कन्नौज।*** *यूपी के कन्नौज स्थित गोपालपुर गांव में रविवार को कच्चे मकान की छत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें एक ही परिवार के दो बच्चों (सगे भाई बहन) की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक रविवार तड़के करीब 3 बजे पुत्तू लाल के कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। हादसे के समय घर के अंदर पुत्तूलाल अपने परिवार के साथ सो रहे थे। छत गिरने से सभी मलबे में दब गये। जोरदार आवाज सुनने के बाद ग्रामीण जब बाहर निकले तो घर गिरा देख सबके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलबा हटाने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला गया।*

## शिवहर में बाढ़ से हाहाकार..

### उफान पर बागमती नदी, कई गांव हुए खाली



शिवहर, 29 सितम्बर [एजेंसी]।

बिहार के शिवहर में हुई बारिश के बाद बागमती नदी ने शिवहर में अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। वर्तमान में बागमती नदी लाल निशान से 2.22 मीटर ऊपर बह रही है। तटबंधों में जगह-जगह रिसाव हो रहा है।

पिपराही प्रखंड के बेलवा में सुरक्षा तटबंध में रिसाव आ गया है। मीनापुर बलहा, मोहारी व मझौरा, पुरनहिया प्रखंड के कटैया, दोस्तियां और अदौरी सहित कई इलाकों में तटबंध में आए रिसाव से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने दर्जनों गांवों को खाली करा दिया है। लोगों ने तटबंधों पर शरण लेना शुरू कर दिया है। संबंधित इलाकों की बिजली काट दी गई है। जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन की टीम युद्ध स्तर पर तटबंधों को बचाने में जुटी हुई है। बाढ़ की वजह से 20 हजार एकड़ में लगी फसलें डूब गई हैं। बागमती तटबंध पर कटैया गांव के पास शरण लिए लोग।

## ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत, 11 घायल, पिंडदान कर लौट रहे थे सभी

कैमूर, 29 सितम्बर [एजेंसी]।



बिहार से यूपी की तरफ जा रही एक बस रविवार को खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास हुआ। बस सवार गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, बस चालक को झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मृतकों में बस का खलासी, एक पंडा (पुजारी) और एक यात्री शामिल हैं। सभी मृतक यूपी के बाराबंकी जिले के रहने वाले थे, जो गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। पिंडदान के बाद बस में सवार सभी लोग जगन्नाथ पुरी दर्शन कर विंध्याचल मंदिर की ओर रवाना हुए थे। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया गया। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। एनएचएआई की मेडिकल टीम के सदस्य देवेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि घटना की वजह चालक की नींद लगना प्रतीत हो रहा है। मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई और 11 लोगों को एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचाया गया। मोहनिया थाना के एएसआई शिवजी सिंह ने भी पुष्टि की कि खड़ी ट्रक में यात्री बस की टक्कर हुई, जिससे यह दुर्घटना घटी। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचा दिया गया है। घटना सुबह 5 बजे से पहले की है, बस में करीब 35 लोग सवार थे। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल माताफेर तिवारी और राजरानी पाल ने बताया कि हम लोग गया से पिंडदान कर वापस लौट रहे थे, तभी हमारी बस ट्रक से टकरा गई। तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

## अखिलेश के मठाधीश वाले बयान पर भड़की अपर्णा यादव, बोलीं- विपक्षियों पर अनर्गल टिप्पणी कर राजनीति न चमकाएं सपा मुखिया

अयोध्या, 29 सितम्बर [एजेंसी]।



राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सलाह देते हुए कहा कि वह उच्च पद पर आसीन हैं और सदन में भी हैं, उन्हें मर्यादित रह कर बयान देना चाहिए। विपक्षियों पर अनर्गल टिप्पणी कर अपनी राजनीति नहीं चमकानी चाहिए। वह शनिवार को रामनगरी में अखिलेश के माफिया व मठाधीश वाले बयान को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही थीं। इससे पूर्व उन्होंने रामलला का दर्शन करके कारसेवकपुरम में अशोक सिंहल फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपतराय से भी भेंट की। अपर्णा यादव ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर दिए गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर भी नाराजगी जताई। कहा, शायद उन्होंने वह कार्यक्रम अच्छे से नहीं देखा। उसमें उद्योगपति ही नहीं, सभी वर्गों के लोग शामिल रहे। क्या उद्योगपति देश का हिस्सा नहीं हैं। ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ है कि प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण करने वाले लोगों पर पुष्पवर्षा की। उनके घर में तीन-तीन प्रधानमंत्री रहे। किसी एक का नाम बता दें जिसने सेवकों के पांव धुले हों।

## हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्ला का नया लीडर घोषित

### नसरुल्ला का चचेरा भाई है, उसी की तरह दिखता है

बेरूत, 29 सितम्बर।




अपने सुप्रीम कमांडर सैयद हसन नसरुल्ला की मौत के चंद घंटों बाद ही विश्व के सबसे बड़े गैर सरकारी सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने नए लीडर के नाम का ऐलान कर दिया है। हिजबुल्ला ने हाशेम सफीद्दीन को नया नेता चुना है। हाशेम सफीद्दीन, नसरल्ला का चचेरा भाई है और लंबे समय से हिजबुल्ला में नंबर दो की हैसियत के कामकाज संभाल रहा है। हाशेम सफीद्दीन की शक्ल नसरल्ला से मिलती-जुलती है।

## कांग्रेस ने पार्टी के प्रचार अभियान को बाधित करने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसने प्रियंका गांधी के हेलीकॉप्टर को कठुआ जिले के बिलावर निर्वाचन क्षेत्र में लैंड करने में मदद नहीं की और उनके प्रचार को बाधित करने की कोशिश की है। दरअसल, प्रियंका गांधी को जम्मू क्षेत्र के बिलावर और बिश्नाह निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करना था, लेकिन उनका हेलीकॉप्टर वहां लैंड नहीं कर सका। इससे वह पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री डॉ. मनोहर लाल के लिए समर्थन मांगने में असमर्थ रहीं। उधर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी चंब और रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करने के लिए निर्धारित थे, लेकिन शुक्रवार को उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्या आ गई। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस समिति के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, हम प्रशासन से इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगते हैं. प्रियंका गांधी की बिलावर रैली को शर्मनाक तरीके से प्रशासन द्वारा बाधित किया गया है।







### मैहर बस हादसे में 9 की मौत, 19 घायल मृतकों में यूपी के यात्री भी शामिल



**सतना।** नागपुर से प्रयागराज जा रही लग्जरी बस देर रात मध्य प्रदेश के सतना में मैहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस और टंपर की सीधी टक्कर में 9 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 19 घायल हैं। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि घायलों में छह लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें सतना रेफर किया गया है। बाकी लोगों का मैहर और अमरपाटन अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।

# सुदूरवर्ती ग्रामीणों के लिए लाभदायक हुआ सिरमिना का शिविर

## विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, किसानों को मोटर पम्प सहित परिवार सहायता का मिला चेक





कोरबा । पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत सिरमिना में आज जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्रामीणों के लिए बहुत लाभदायक साबित हुआ। कलेक्टर, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सहित जिले के सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को आवेदन के माध्यम से न सिर्फ रखा अपितु कलेक्टर अजीत वसंत को भी माइक के माध्यम से वन-टू-वन चर्चा कर जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी को ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों के आवेदन पर की जाने वाली कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान शासन की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पाली तानाखार श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम शामिल हुए। विधायक, कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य के माध्यम से सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक पाली-तानाखार श्री मरकाम ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र सिरमिना में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। यहां कलेक्टर सहित जिले के सभी बड़े अधिकारी व विभाग प्रमुख उपस्थित है। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में अपनी समस्याओं का निराकरण कराने एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर लाभांवित होने का आग्रह किया। विधायक श्री मरकाम ने कहा कि सरकार द्वारा डीएमएफ की राशि का उपयोग जिले के विकास के लिए अनुमति दी गई है। इससे क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का तेजी से निराकरण होगा। भवन विहीन व जर्जर स्कूल, आँगनबाड़ी भवन के लिए नए भवन बनाए जाएंगे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु एकल शिक्षक व शिक्षकविहीन विद्यालयों में शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। सडकविहीन क्षेत्र में सड़क, आवश्यक स्थानों में पुल पुलिया की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य सुविधाओं में भी विस्तार किया जाएगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि शिविर में जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, सभी का परीक्षण किया जा रहा है। तहसील और जनपद और जिला स्तर पर जिसका निराकरण हो सकता है उसका यही निराकरण किया जाएगा। शासन स्तर पर पूरी होने वाली मांगों का निराकरण के लिए आवेदन को शासन को भेजा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं विभागीय मंत्री के प्रयासों से जिले में गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर राशि हितग्राहियों के खाते में डाले गए हैं। किसी गरीब व्यक्ति के लिए आवास पहली प्राथमिकता होती है, इसलिए इस राशि का उपयोग आवास निर्माण में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के जर्जर विद्यालयों का विनिष्टिकरण कर नए भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में भी स्कूल भवन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र भवन, राशन दुकान हेतु भवन की भी स्वीकृति दी जा रही है। कलेक्टर ने आगे कहा कि स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन पकाने वाले रसोइयों को परेशानी न हो और बच्चों को समय पर भोजन मिले, इसके लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था के साथ ही साल भर गैस रिफलिंग का खर्च भी वहन करने की पहल 02 अक्टूबर से की जाएगी। उन्होंने पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के विद्यालयों में सुबह नाश्ता वितरण होने की जानकारी देते हुए कहा कि आप भी अपने बच्चों को स्कूल भेजे और उन्हें नाश्ता मिल रहा है या नहीं अवश्य पूछे। कलेक्टर ने बताया वे हर सोमवार और गुरुवार को आमजन की समस्याओं को सुनते हैं यदि किसी को कुछ शिकायत है तो वे बेझिझक इस दिन कलेक्ट्रेट में आकर उनसे मिल सकते हैं। कलेक्टर ने पुल पुलियों की मांग को भी परीक्षण कर पूरा करने की बात कही। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने अधिकारों को जाने और शासन की योजनाओं को जाने एवं लाभ उठाएं।

शिविर को जनपद अध्यक्ष पोड़ी उपरोड़ा श्रीमती पेन्द्रों, सरपंच सिरमिना श्री दिवाकर सिंह मरकाम ने भी संबोधित करते हुए ग्रामीणों को शिविर का लाभ उठाने का अपील किया। इस अवसर पर प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जनपद अध्यक्ष पोड़ी उपरोड़ा श्रीमती संतोषी पेन्द्रों सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री तुला राम भारद्वाज, बीईओ श्री दिनेश कुमार लाल, जनपद सीईओ श्री खगेश निर्मलकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में विधायक, कलेक्टर सहित अन्य अतिथियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभांवित किया। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत सिमगा की श्रीमती ज्ञान कुंवर, श्रीमती चन्द्रवती गोस्वामी, नवापारा की श्रीमती हिरोदिया, कोरबी की श्रीमती चन्द्रवती को 20-20 हजार का चेक प्रदान किया गया। राजसव और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को स्थायी जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका से अटारी की सीमा रावत व झिनपुरी की पुष्पा मरकाम को मुद्रा लोन के तहत 1-1 लाख का चेक वितरित किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग बुधराम, पवनकुमार व क्षेत्रवती को कैलीपर्स व वैशाखी प्रदान किया। कृषि विभाग अंतर्गत सिमगा के नारायण सिंह, अटारी के शिवबदन सरूता को मोटरपंप प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा जानकी बाई, सुनीता साहू, कैलासो व नीता देवी को राशन कार्ड सौपा गया। इस दौरान महिला व बाल विकास विभाग द्वारा नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई कराई गई। साथ ही उच्चतर व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं को स्थायी जाति प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। शिविर में प्राप्त कुल 556 आवेदन में से 24 का मौके पर निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। लंबित आवेदन मांग व शिकायत संबंधी थे। लंबित सभी आवेदनों का परीक्षण कर शीघ्रता से निराकरण किया जाएगा।



## महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर निकाली गई जागरूकता रैली

कोरबा। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा एवं मेरा युवा भारत, कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में आज स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। इस स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं और अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

महाविद्यालय और मेरा युवा भारत, कोरबा, जो की भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग से संचालित है, के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा की प्राचार्य डॉ. श्रीमती साधना खरे ने महाविद्यालय परिवार को बधाई दी साथ ही आगे भी ऐसे आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की प्रभारी, डॉ. डेज़ी कुजूर, सहायक प्राध्यापक ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता, स्वच्छता ही सेवा है विषय पर आयोजित यह स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में आज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा में स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विदित हो कि वर्तमान में यह महाविद्यालय विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व के विद्यालय भवन में संचालित है। इस कार्यक्रम के संबंध में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश रात्रे ने छात्र-छात्राओं के इस कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता रैली निकालकर की गई। यह रैली मेरा युवा भारत, कोरबा के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक पूजा सिंह और दिव्या पटेल के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर से निकाली गई । स्वच्छता रैली में मेरा युवा भारत, कोरबा के स्वयंसेवक आरती साहू, अमरावती, श्रद्धा जांगड़े, काजल कश्यप, साक्षी पांडे, तुलसी, नेहा, रेशमा और तनुश्री राठौर ने रैली में भाग ले रहे सभी छात्र-छात्राओं से स्वच्छता संबंधी नारे लगवाए। यह रैली सीएसईबी कॉलोनी और बुधवारी बस्ती से होते हुए महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को अलग-अलग समूह में बांट कर पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। इस दौरान सर्वाधिक कचरा एकत्रित करने वाले दल को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता शैलेश महेश्वरी, नुपिता सेन यादव, रुक्मणी रमानी, अंजलि साव, मधु यादव, सिमरन अग्रवाल और अतिथि क्रीड़ा अधिकारी मनोज कुमार के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कर्मचारी श्री निर्मलकर, कमला देवी किशन, विद्यार्थी नवीन भारद्वाज, यशस्वी, पियूष, हार्दिक, विकास विश्वकर्मा, पलक, चांदनी, एंजेलिना, एंजेल, आयुष पटेल,जय शर्मा, जतिन श्रीवास, शुभम डे, दाक्षी आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## शास्त्री चौक से घंटाघर तक निकली स्वच्छता की महारैली, गुंजायमान हुआ स्वच्छता ही सेवा का उद्घोष

कोरबा । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा के आयोजकत्व में शास्त्री चौक से घंटाघर तक स्वच्छता की महारैली निकाली गई। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल एवं पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा खुद ही रैली में शामिल हुए। रैली में '' स्वच्छता ही सेवा '' का उद्घोष गुंजायमान होता रहा, लगभग 1500 से अधिक लोगों ने रैली में अपनी उपस्थिति देकर स्वच्छता का संदेश दिया। पार्षद रितु चौरसिया, नारायणदास महंत, चन्द्रलोक सिंह, धनसाय साहू, शैलेन्द्र सिंह पप्पी ने भी आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आज कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में शास्त्री चौक कोसाबाड़ी से सुभाष चौक निहारिका होते हुए घंटाघर ओपन थियेटर तक विशाल स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्वच्छता दीदियों, एन.सी.सी. कैडटों, एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, स्काउट गाईड व महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने रैली में शामिल होकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। रैली के दौरान '' स्वच्छता ही सेवा '' का निरंतर उद्घोष गुंजायमान होता रहा, लोग रैली में जुडते गए तथा अंत में घंटाघर स्थित ओपन थियेटर पहुंचकर रैली स्वच्छता सभा के रूप में परिवर्तित हो गई, जहाँ पर नुक्कड़ नाटक, सुआ गीत नृत्य आदि के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने, स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आव्हान आमजन से किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की जो संकल्पना की है, यह स्वच्छता अभियान उस विकसित भारत की नींव का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि स्वच्छता से शरीर स्वस्थ रहता है तथा स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन, उत्तम विचार पैदा होते हैं, जो समाज व देश के वास्ताविक विकास की आधारशिला रखते हैं।इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को हमारे संस्कारों में शामिल करने का जो यह



कार्य किया है, उसके लिए हम प्रधानमंत्री जी को दिल से आभार प्रकट करते हैं, उन्हीं की इच्छाशक्ति की बदौलत आज स्वच्छता की गुंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार इस अभियान में सक्रिय सहभागिता दे रही है, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का सक्रिय सहयोग अभियान को मिल रहा है, तो वहीं जिला प्रशासन व निगम प्रशासन भी साधुवाद के पात्र हैं। इस मौके पर पार्षद रितु चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल शासन प्रशासन का कार्य नहीं है बल्कि हम सभी का दायित्व है कि हम अपने घर, गली, मोहल्ले, वार्ड व शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें, स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करें।आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, नागरिकबंधुओं, अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों व कार्यक्रम में शामिल समस्त सहभागियों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थितजनों ने स्वच्छता शपथ लेते हुए जीवन में स्वच्छता को अपनाने, गदंगी न करने तथा दूसरों को भी इस हेतु लगातार प्रेरित करने के संकल्प को दोहराया।स्वच्छता रैली में कमला नेहरू कालेज, शास.ई.वि.स्नातकोत्तर कालेज, श्री अग्रसेन गर्ल्स कालेज, डी.डी.एम.स्कूल, न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, ब्लू वर्ड स्कूल, जैन इंटरनेशनल स्कूल गोढ़ी, सेंट पेलोटी स्कूल, बालमानस विद्या मंदिर स्कूल, निर्मला स्कूल सी.एस.ई.बी. एवं निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी की छात्र-छात्राओं, निगम की स्वच्छता दीदियों, एन.सी.सी. कैडटों, स्काउट गाईड व राष्ट्रीय सेवा योजना एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों, सनराईज संस्था आदि ने रैली में भाग लिया।अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं शास.ई.वि. स्नातकोत्तर कालेज की छात्राओं ने सुआ गीत नृत्य व नुक्कड़ नाटक के मंचन के माध्यम से स्वच्छता को अपनाने, गंदगी न करने, औरो को भी स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा देने, प्रतिबंधित व हानिकारक प्लास्टिक का उपयोग न करने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालने आदि का आव्हान किया।स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता कार्यक्रम में पार्षद रितु चौरसिया, नारायणदास महंत, चन्द्रलोक सिंह, धनसाय साहू, शैलेन्द्र सिंह पप्पी के साथ ही निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, बी.ई.ओ. संजय अग्रवाल, क्रीडा अधिकारी रामकृपाल साहू, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, जनसपंर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, जिला संगठक एन.एस.एस. वाई.के. तिवारी, रामकुमार राठौर, घनश्याम श्रीवास, कामेश उपाध्याय, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, अनुप राय, गोविंद माधव उपाध्याय, श्रीमती मधु कंवर, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती गौरी वानखेड़े, अरूण मिश्रा, रविकरण सिंह, उत्तमदास महंत, गिरवर विश्वकर्मा, सतानंद द्विवेदी, अजीत कुमार, रामप्रसाद मिर्री, अनिल पाठक आदि के साथ विभिन्न महाविद्यालयीन एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं, अध्यापक-अध्यापिकागण व आमनागरिकों ने अपनी विशिष्ट सहभागिता दी।

## द्विवेदी बनें मिनीमाता कॉलेज के आंतरिक परिवार समिति के सदस्य



कोरबा। अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक एवम अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय कोरबा के आंतरिक परिवाद समिति के सदस्य बनाए गए है। शासकीय मिनिमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा में महाविद्यालयीन आन्तरिक परिवाद समिति की बैठक आयोजित किया गया जिसमे कोरबा जिला न्यायालय के अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक एवम अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी को उक्त समिति में सदस्य नियुक्त किया गया, द्विवेदी पूर्व में महाविद्यालय कि जनभागीदारी समिति के सदस्य भी रह चुके हैं, साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला सदस्य भी रह चुके है।

## वैनगंगा व कोचुवेली एक्सप्रेस 4 फेरों के लिए रद्द

कोरबा । कोरबा जिले से लने वाली लंबी दूरी की दो द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों को 4-4 फेरों के लिए रेलवे प्रशासन ने रद्द करने घोषणा की है। ये ऐसी ट्रेनें हैं जिनमें से यात्रियों को सफर करने के लिए आसानी से कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाता।

## तानाखार विधायक मरकाम ने एसईसीएल प्रबंधन को दिया दो टूक जबाब

कोरबा । एसीसीएल की प्रस्तावित अंबिका ओपन कास्ट कोल परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों और भू-विस्थापितों की सभी समस्या का निराकरण किए बगैर मिट्टी का एक ढेला भी निकालने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों के मुआवजा, पुनर्वास ,रोजगार जैसे मामले पर एसईसीएल और प्रशासन को त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए, तभी खदान का मार्ग प्रशस्त होगा। कथन पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने कही। श्री मरकाम ने हाल ही में एसडीएम की अध्यक्षता में पाली कार्यालय में एसईसीएल द्वारा आयोजित किये त्रिपक्षीय वार्ता को लेकर भी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बैठक कार्यालय के अंदर नहीं बल्कि ग्राम मे जाकर ग्रामीणों के बीच बैठकर करनी चाहिए। उन्होंने आगे आड़े हाथ लेते हुए कहा कि एसईसीएल की अंग्रेज नीति फूट डालो-राज करो इस परियोजना में चलने नहीं दिया जाएगा। एसईसीएल को समझना होगा कि जो उन्होंने सरायपाली परियोजना में जो किया है, वह सब यहां नहीं चलेगा। एसईसीएल की गलत नीतियों की वजह से ही सरायपाली परियोजना में एक दशक से भी ज्यादा समय लगा और आज भी ग्रामीणों की समस्याएं बरकरार है, ऐसे में ग्रामीण एसईसीएल पर कैसे विश्वास करें ? वर्तमान में अंबिका परियोजना से प्रभावित ग्रामीण प्रारंभिक प्रक्रिया में ही परेशान हैं। एसईसीएल सही मायने में भू-प्रभावितों की हितैषी है, तो उसे ग्राम में ही सामुदायिक भवन या चौपाल में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की सभी समस्याओं का क्रमश- निदान करते हुए उनको विश्वास में लेना होगा तभी खदान खोलने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। जो ग्रामीण प्रभावित हैं उन्हें शासन की नीति निर्देशानुसार अधिक से अधिक मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार उपलब्ध कराए और आंशिक रूप से प्रभावित प्रत्येक ग्रामीण को भी खदान में रोजगार, स्वरोजगार उपलब्ध करने का पूर्ण भरोसा दिलाए। खदान प्रभावित क्षेत्र के आसपास के ग्राम के ग्रामीणों को भी प्राथमिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना होगा।

## नवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा 3 अक्टूबर से जलाराम मंदिर में

कोरबा । श्री गुजराती समाज की ओर से टी.पी. नगर क्षेत्र में स्थापित जलाराम मंदिर परिसर के भवन में 3 अक्टूबर से नवरात्रि महोत्सव आयोजित होंगी। इस अवसर पर घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव में कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष नलीन भाई शाह व सचिव अतुल चौहान ने बताया कि गुजराती समाज के सदस्यों के लिए गरबा का वितरण 2 व 3 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे व शाम को 4 से 6 बजे तक संत श्री जलाराम मंदिर में किया जाएगा। 3 अक्टूबर गुरुवार से श्री गुजराती समाज भवन परिसर में प्रतिदिन रास-गरबा की धूम रहेगी।

## सीटू का सम्मेलन संपन्न

कोरबा । मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कोयला उत्पादन करने वाली एसईसीएल कंपनी में काम करने वाले कोयला श्रमिक संघ (सीटू) का दो दिवसीय त्रि-वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में वामपंथी विचारधारा से जुड़े 17,882 सदस्यों ने भाग लिया।सम्मेलन की शुरुआत केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड देवेंद्र निराला ने ध्वजारोहण और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की। सम्मेलन में अखिल भारतीय सचिव कामरेड स्वदेश देवराय, कामरेड सुदीप दत्ता, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार साझा किए। सम्मेलन में श्रम कानूनों में सांप्रदायिकता, बेरोजगारी, महंगाई, किसान मजदूर एकता, और ठेका श्रमिकों की दशा जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। सम्मेलन में चार प्रस्ताव पारित किए गए और आगामी कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। श्रमिकों की एकता और संघर्ष की ताकत को बढ़ावा देना था। सम्मेलन की समाप्ति गगनचुंबी नारों के साथ हुई।

### सोनी का मनाया जन्मदिन

कोरबा। नगर पालिक निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी का जन्मदिन जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में केक काट मनाया गया। उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने श्याम सुंदर सोनी को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दिया दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गजानंद प्रसाद, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, प्रेमलाल साहू, जी डी महंत, महेन्द्र निर्मलकर,व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी




**सक्ती।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में हुई। जल जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य अनुसार आमजन को बेहतर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में शनिवार 28 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर तोपनो द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा अप्रारंभ व धीमी प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जल जीवन मिशन के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने कहा की जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा की जल जीवन मिशन केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। उन्होंने इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य अनुसार आमजन को बेहतर पेयजल की सुविधा ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से और गुणवत्तापूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए है। जिससे आमजन को जल जीवन मिशन योजना से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किया जा सके।

बैठक में कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मेसर्स जीतराम खुंटे द्वारा निर्धारित अवधि में कार्य प्रारंभ न करने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर ने मेसर्स जीतराम खुंटे के अनुबंध को निरस्त करते हुये अमानत राशि राजसात करने के आदेश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सक्ती जिले में जल जीवन मिशन के सभी कार्यों को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिए है।

साथ ही कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों में अनावश्यक देरी या लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुवे संबंधित ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए है। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में आज अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुवे आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सफेद हाथी साबित हो रही गांव में बनी पानी टंकी



**जांजगीर चांपा।** ग्राम बोरदा में नल जल योजना का बुरा हाल है। गांव में पानी टंकी बनाने के साथ ही घरों तक पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन तो दे दिया गया लेकिन पानी सप्लाई नहीं हो रही है। टेस्टिंग के लिए शुरुआत में टंकी के माध्यम से पानी सप्लाई शुरु की गई, लेकिन जगह-जगह से पाइप फटने एवं लिकेज होने के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा। ऐसे में आज भी महिलाएं सार्वजनिक हैंडपंप से पानी भरकर अपने घरों में लाने मजबूर है। वहीं पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे को ठीक से पटा नहीं गया है। इसके चलते आने-जाने में परेशानी सामना करना पड़ रहा है।

पामगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बोरदा में जल जीवन मिशन का हाल बेहाल है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी टंकी बनाया गया है। वहीं लोगों के घरों में पानी पहुंचने नल का कनेक्शन भी दिया गया है लेकिन उनके घरों तक पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है। इसकी मुख्य वजह पानी सप्लाई शुरु करने से पहले जब टेस्टिंग की गई उस समय जगह-जगह से पाइप फटने लगा और पानी लिकेज होने लगा। इसके बाद से गांव में पानी सप्लाई शुरु करने ने तो अधिकारी ध्यान दे रहे और ना ही पंचायत प्रतिनिधि। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पानी टंकी सिर्फ शोपीस के लिए बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ नल कनेक्शन देने के लिए गांव की गलियों के को बीचों-बीच खोद दिया गया था जिसे ठीक ढंग से ठेकेदार द्वारा आज तक मरम्मत नहीं कराया गया जिससे ग्रामीणों को चलने फिरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बरसात के दिनों में पानी भर जाने से कुछ लोग वहीं स्लिप खाकर गिर रहे हैं। ग्राम वासियों की मांग है कि प्रत्येक घरों तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। वही रास्ते की मरम्मत भी कराया जाए। ग्रामीण गुलशन श्रीवास का कहना है कि गांव में जल जीवन मिशन का काम सही ढंग से नहीं हुआ है। काम पूरा होने के बाद भी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। गांव की महिलाएं आज भी सार्वजनिक हैंडपंप से पानी भरकर अपने घरों में ले जाने मजबूर है। उनकी समस्याओं पर जिम्मेदार नागरिक ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी प्रकार कैलाश कश्यप का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत जल निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं गांव की गलियों को गड्डे करके छोड़ दिया गया है। अभी तक मरम्मत भी नहीं हुआ है।

# लोन किश्त पटाने के नाम पर धोखाधड़ी, फील्ड आफिसर गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** श्रीराम फायनेंस कंपनी में काम आरोपी करता था आरोपी नहीं कर उसने धोखाधड़ी की। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल यादव पिता छत्तराम यादव उम्र 23 साल निवासी यादव चौक रमन नगर जांजगीर का रहने वाला है। प्रार्थिया ट्रेक्टर का लोन किस्त पटाने के नाम से लाखो रूपया लेकर घोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर में फिल्ड आफिसर के रूप में काम करता था। श्रीमती अच्छेमति साहू निवासी मडवा थाना जांजगीर द्वारा फायनेंस सुविधा लेकर ट्रेक्टर वाहन खरीदी की गई थी। जिसको श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर शाखा से फायनेंस कराए थे। जिसका लोन की किस्त के वसुली हेतु श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर के फील्ड आफिसर राहुल यादव द्वारा किस्त के पैसे लेने प्रार्थिया के घर आया करता था। आरोपी राहुल यादव ने प्रार्थिया के घर जाकर माह फरवरी 2023 में 1 लाख 56 हजार रुपए बकाया पटाने पर लोन क्लोज की बात कहते हुए उससे 90 हजार रुपए ले लिए। कुछ दिन बाद आरोपी राहूल यादव उसके घर आया और कम्पनी का क्लोज रिपोर्ट दिखाते हुए 1 लाख 58 हजार रूपया पटाने की बात कही। वहीं शेष रकम 20 फरवरी 2023 के पहले पटा देना कहते हुए दो-दो हजार के तीन किस्त में 6 हजार रूपया तथा 14 फरवरी को 57 हजार रुपए और 17 फरवरी को 3 हजार रुपए लोन का रकम आरोपी राहुल यादव को दिया था। जिस पर रकम पूरा देने के बाद आरोपी द्वारा पावती और लोन क्लोजर लेटर 6 फरवरी को दिया और लोन क्लोज होने की बात कही। इसके साथ ही कंपनी का एनओ.सी. 1 माह में डाक के माध्यम से आने का झांसा दिया। लोन का रकम लेकर बैंक में जमा न कर स्वंय लेकर तथा फर्जी लोन क्लोजर रिपोर्ट श्री राम फायनेंस का सील लगा हुआ बनाकर धोखाधडी किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।



## ग्राम भुरसीडीह व किरारी में दो अवैध शराब विक्रेता गिरफ्तार

**सक्ती।** सक्ती वृत्त के ग्राम भुरसीडीह में अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने वाले एक ग्रामीण को छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

विदित रहे कि जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के दिशा निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे सर के विशेष मार्गदर्शन में सक्ती जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में दिनांक 27.09.2024 को सक्ती वृत्त के ग्राम भुरसाडीह में रामू बसोड़ पिता कन्हैया के मकान में छापा मारकर 5 लीटर वाली प्लास्टिक जरिकेन व प्लास्टिक पन्नियों में भरी 6.2 लीटर महुआ शराब जब्त कर लिया गया। आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आब अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया।

इसी तरह ग्राम किरारी में तरुण यादव पिता टेकलाल के रहवासी मकान की विधिवत तलाशी में एक प्लास्टिक पन्नी में भरी 06 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2) आब अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में वृत्त सक्ती प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, आब. उप निरी. घनश्याम प्रधान, आब. आर रघुनाथ पैकरा, संजीव भगत, आबकारी स्टाफ परसराम का योगदान रहा।



## अवैध कार्यों पर कार्रवाई की मांग, महिलाओं ने घेरा थाना

**शिवरीनारायण।** नगर पंचायत खरौद की महिलाओं ने अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महिलाएं नगर में एकजुट होकर बैठक कर अवैध कार्यो में अंकुश लगाने के प्रयास में जुटी हुई हैं। शनिवार दोपहर बड़ी संख्या में महिलाएं खरौद से पैदल रैली निकालकर शिवरीनारायण थाना पहुंचीं। महिलाओं ने ज्ञापन में बताया है कि अवैध शराब बिकने के कारण नगर का माहौल खराब हो रहा है। गली मोहल्ले में आए दिन गाली गलौज व लड़ाई झगड़ा होते रहते है। महिलाओं ने जुआ, सट्टा, गांजा, शराब बंद हो नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाए। उन्होंने थाना प्रभारी सागर पाठक को ज्ञापन सौंपकर नगर में चल रहे अवैध कार्यो पर कार्रवाई करने मांग की।

## ग्रामीण को ठोका चालक को सजा

**जांजगीर-चांपा।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जांजगीर सीमा कंवर ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर गंभीर चोट पहुंचाने वाले चालक को छह माह की सजा सुनाई और अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 16 ए 2420 के चालक सरखो निवासी रामकुमार देवांगन पिता हरदेव देवांगन 17 दिसंबर 2022 को दोपहर 12 बजे अटल चौक सरखो के पास गांव के राजाराम सूर्यवंशी को ठोकर मार दी । राजाराम अपनी साइकिल से घर जा रहा था। इस दुर्घटना में राजाराम के पैर में चोट आई । जिसकी शिकायत उसी दिन प्रार्थी ने नैला चौकी में की । जहां शून्य पर अपराध दर्ज कर थाना जांजगीर में डायरी भेजी गई। वहां विवचेना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में गवाहों के परीक्षण प्रति परीक्षण बाद न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जांजगीर सीमा कंवर ने आरोपित ट्रक चालक रामकुमार देवांगन को भादवि की धारा 279 के लिए तीन माह एवं धारा 338 के लिए छह माह कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड से दंडित किया।

## नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख की ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आदिम जाति कल्याण विभाग में छात्रावास में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर 8 लाख रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी चेक बाउंस के अन्य मामले में भी आरोपी था और 2018 से फरार था।

पुलिस के अनुसार, जांजगीर के रविदास चौक निवासी देवनारायण कश्यप के द्वारा थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि बुधराम भारद्वाज, श्रीनिवास एवं उनके अन्य साथियों के द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास की नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख रुपए लिया और नौकरी नहीं लगाई। पैसा वापस मांगने पर पैसे वापस नहीं दे रहे हैं और घूमा रहे हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,34 भादवि कायम करते हुए विवेचना शुरू की। इस दौरान प्रकरण के आरोपी बुधराम भारद्वाज को 31 जनवरी 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। लेकिन दूसरा आरोपी जुज्जावारापू श्रीनिवास घटना घटित कर फरार हो गया था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। जिसको तेलंगाना से पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर देवनारायण से नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। इस पर आरोपी जुज्जावारापू श्रीनिवास को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, एएसआई रामप्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, विवेक सिंह का योगदान रहा।

## उप अभियंता का हुआ बिलासपुर स्थानांतरण



**देवरी।** जल संसाधन विभाग में उप अभियंताओं का पदोन्नति पदस्थापना आदेश जारी हुआ है। कुछ दिन पहले हुए पदोन्नति स्थानांतरण आदेश में जांजगीर संभाग के सिवनी उपसंभाग में पदस्थ इंजीनियर मनीष राठौर ने लंबे समय तक सिवनी उपसंभाग में अपनी सेवाएं दी। उक्त स्थानांतरण में राठौर की पदस्थापना बिलासपुर जिले के तखतपुर उप संभाग में हुई है। सिवनी उपसंभाग के प्रभावित किसान व सारागांव नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर ने राठौर कार्यकाल के दौरान नहरों का जाल बिछाने, नहरों के फरसीकरण व सरवानी लखाली टेल एरिया में अतिरिक्त प्रयास कर पानी पहुंचाने जैसे जनहित के महत्वपूर्ण कार्य कराए हैं।

# कलेक्टर की पहल से 31 हजार 369 विद्यार्थियों का स्कूल में ही बना नि:शुल्क जाति प्रमाण पत्र

### जाति प्रमाण पत्र बनाने स्कूलों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

### अध्ययन के दौरान ही विद्यार्थियों को मिल रहा स्थाई जाति प्रमाण पत्र




**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम के तहत जिले में शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी और शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय अभियान के तहत स्कूल के छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष रूचि लेते हुए सभी स्कूलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप विगत चार माह में 31 हजार 369 बच्चों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। इस हेतु सभी स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र हेतु एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया व संकुल स्तर पर कैंप आईडी दिया गया है। कैंप आईडी के माध्यम से आवेदन करने पर कोई शुल्क देय नहीं होता, जिससे छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निशुल्क जारी हो रहा है।

शासकीय कामकाज और अन्य कार्यों मे जाति प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। विद्याथियों के जाति प्रमाण पत्र बनने से पालकों को भटकना नहीं पड़ रहा है। जिले में स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र हेतु 5 चरणों की कार्ययोजना बनाकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ट्रेनिंग एण्ड टारगेट आईडेंटिफिकेशन करना है जिसके अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों के एक शिक्षक को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए नोडल बनाया गया है तथा उनको आवश्यक दस्तावेज तथा ऑनलाईन एंट्री के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ ही प्रत्येक स्कूल के पहली से 12 वीं तक के ऐसे छात्रो का चिन्हांकन किया गया जिनका जाति प्रमाण पत्र बनाया जाना है। स्कूलों में ब्लैंक फार्म उपलब्ध कराना और फॉर्म का सरलीकरण करना है जिसके अंतर्गत स्कूली छात्रो के जाति प्रमाण पत्र हेतु कलर कोडेड प्री-प्रिंटेड आवेदन फॉर्म तैयार किया गया तथा फॉर्म का सरलीकरण किया गया ताकि केवल आवश्यक जानकारी ही ली जाए। लक्ष्य के अनुसार प्रथम चरण में 50 हजार आवेदन फॉर्म प्रिंट कराकर स्कूलों को उपलब्ध कराया गया। ऑनलाईन एंट्री हेतु संकुल स्तर पर कैम्प आईडी बनाया गया है। रिक्यूर्ड डॉक्यूमेंट्स को स्कूलों में उपलब्ध कराना एवं अप्रुअल लेवल पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियो को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है ताकि समय सीमा में आवेदनों का निराकरण हो सके।

**चार माह में बना 31 हजार 369 स्कूली बच्चों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र**

विगत चार माह में जिले के तहसील पामगढ़ में 10349, तहसील नवागढ़ में 2006, तहसील जांजगीर में 3575, तहसील अकलतरा 4298, तहसील चांपा में 1200, तहसील बलौदा में 4410, तहसील शिवरीनारायण में 827, तहसील बम्हनीडीह में 2043, तहसील सारागांव में 2661 स्कूली बच्चों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

## नियम तोड़ने वाले 46 वाहन चालकों से वसूले 29 हजार

**जांजगीर-चांपा।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 46 वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई करते हुए 29 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

तेज गति में वाहन चलाने पाए जाने तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वालो पर यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 27 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में सिलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग

लाईन का नही होना, तेज गति से वाहन चलाना एवं शराब पीकर वाहन चालाने वालो के विरूद्ध तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 46 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वाहन चालकों से 29 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में वाहन चालकों को समझाईस दी जा रही है।

## पामगढ़ में 310 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 30 बोरी लहान जब्त

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ में पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से महुआ शराब रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान टीम को लावारिस हालात में 310 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 30 बोरी महुआ लहान एवं शराब बनाने में उपयोग करने वाला 15 नग सिल्वर का तबेला मिला। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पामगढ़ पुलिस एवं आबकारी विभाग की सयुक्त टीम के द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। मुखबिर की सूचना पर 28 सितंबर को ग्राम कमरीद डेरा में रेड

कार्यवाही की गई। इस दौरान मौके पर लावारिस हालात में 310 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 46 हजार 500 रुपये, 30 बोरी महुआ लहान कीमती 33 हजार रुपये, एवं शराब बनाने में उपयोग करने वाला 15 नग सिल्वर का बड़ा तबेला मिला। जिसका पंचनामा तैयार कर आबकारी विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, कई ट्रैक्टर किये जब्त



**बम्हनीडीह।** करनौद में लगातार अवैध रूप से रेत निकली जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीण ने खनिज विभाग से की। इस पर विभाग की टीम ने कार्रवाई की। खनिज विभाग की टीम ने तीन ट्रैक्टर जब्त किए हैं। ग्रामीण ने बताया कि कुछ मजदूर फायदे के लिए ट्रैक्टर संचालकों को बाहर से बुलाकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन व परिवहन करवाया जाता है। खनिज विभाग की टीम ने ट्रैक्टर सीजी 11 एवाई 3748 और सीजी 11 बीई 5401 व एक अन्य ट्रैक्टर को जब्त किया है। कुछ दिन पहले अवैध रेत भंडारण के साथ दो ट्रैक्टर व एक लोडर गाड़ी को जब्त किया था।

# उद्योग ने बांध को खत्म किया, किसान आक्रोशित



**अकलतरा।** केएसके महानदी पावर प्लांट के भू विस्थापित किसानों की ओर से 24 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय जांजगीर में अपर कलेक्टर एसपी वैध व पावर कंपनी लिमिटेड के प्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन दिया है। केएसके भू विस्थापित किसान संघ के संरक्षक सत्य प्रकाश निर्मलकर और अध्यक्ष ज्योति नोरगे ने बताया कि प्लांट के सैकड़ों भूमि विस्थापित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। पुनर्वास नीति का पालन प्लांट प्रबंधन द्वारा नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी किसानों की भूमि के लिए प्लांट द्वारा बयाना दिया गया है। इसके बाद न रजिस्ट्री कराई गई और न ही किसानों को राशि का भुगतान भी नहीं किया गया। जीवन निर्वाह भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन जो अब तक पूरा नहीं हुआ है। रोगदा जलाशय से ग्राम रोगदा सहित आसपास के गांव के किसानों द्वारा अपने खेतों में सिंचाई की जाती थी। प्लांट प्रबंधन द्वारा नियम विरोध रोगदा बांध में मिट्टी पाटने के साथ बांध का अस्तित्व ही मिटा दिया गया है। दो पर्ची धारकों को एक ही परिवार का बताकर प्लांट में नौकरी नहीं देने के साथ किसानों के अधिकारों को हनन किया जा रहा है।

प्लांट में आने-जाने के लिए नरियरा व रोगदा साइड के गेट को बंद किए जाने से प्लांट में आने-जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लांट प्रबंधन ने सीएसआर मद से स्कूल, अस्पताल एवं प्लांट के मजदूरों के लिए क्वार्टर का निर्माण नहीं किया है। किसानों के खेत में टावर लगाने के बाद भी मुआवजा नहीं दिया गया। मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन भू-विस्थापित किसान 24 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 9 माह से क्रमबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। जिला प्रशासन व प्लांट प्रबंधन को अवगत कराने के बाद भी अब तक कोई भी पहल नहीं की जा रही है। 7 दिनों के अंदर मांगों पर पहल नहीं होने पर प्लांट के मुख्य गेट के सामने धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। इसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन और प्लांट प्रबंधन की होगी। इस अवसर पर दुलौरिन बाई, विनीता बर्मन, छत सिंह गोंड, गोरे लाल गोंड, दिनाथ बर्मन, कुंवर आदि उपस्थित थे।

## अनमोल वचन......

**जिंदगी एक खूबसूरत सफर है, हर दिन को एक नये अध्याय के रूप में जियें।**

# मस्क को कानून के घेरे में लेने में अक्षम

दुनिया के सबसे धनी लोगों के हितों के पक्ष में मस्क विवेक एवं सर्व-स्वीकृत मर्यादाओं पर हमले करने लगें और एक्स से जरिए उनका प्रचार करने लगें, तो मानव सभ्यता के लिए पैदा होने वाले खतरों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इलॉन मस्क के पोस्ट आपकी टाइमलाइन पर आएं, इसके लिए जरूरी नहीं है कि सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) पर आप उन्हें फॉलो करें। यह विशेषाधिकार उन्होंने एक्स का मालिक होने के नाते हासिल कर रखा है। उनका दावा है कि उनके पोस्ट दुनिया भर में 20 करोड़ यूजर्स तक पहुंचते हैं। संवाद करने की अपनी इस शक्ति का लाभ उठाकर वे मनमानी बातें लोगों तक पहुंचाते हैं। मस्क दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं। अरबपति लोगों के क्लब में उनका उठना-बैठना है। दुनिया भर में ऐसे समूह लगातार अधिक-से-अधिक धुर-दक्षिणपंथी होते गए है। मस्क इसकी सबसे उम्दा मिसाल हैं। यहां तक बात ठीक है। लेकिन दुनिया के एक फीसदी सबसे धनी लोगों के हितों के पक्ष में वे तर्क-वितर्क एवं सर्व-स्वीकृत मर्यादाओं को तोडऩे लगें और एक्स से जरिए उनका प्रचार करने लगें, तो उस स्थिति में समाज और मानव सभ्यता के लिए पैदा होने वाले खतरों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव में लाजिमी है, मस्क डॉनल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन क्रम में वे ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की हत्या के लिए लोगों को भड़काने लगें, तो यह सीधे कानून तोडऩे का मामला बन जाता है। रविवार को ट्रंप की हत्या की दोबारा कोशिश हुई। उस पर एक व्यक्ति ने ट्विट किया- वे ट्रंप को मारना क्यों चाहते हैं। ' इस पोस्ट को टैग कर मस्क ने री-ट्विट किया- बाइडेन/हैरिस की हत्या की तो कोई भी कोशिश नहीं कर रहा।' इस पर विवाद होना तय था। ह्वाइट हाउस ने इस पर असामान्य रूप से कड़ी प्रतिक्रिया जताई। तब मस्क ने वो ट्विट हटा दिया। लेकिन ये अमेरिका की बात है, जहां वे रहते हैं और जहां का कानून उन्हें घेरे में ले सकता है। कुछ समय पहले में मस्क ने वेनेजुएला और ब्राजील की सरकारों के खिलाफ ऐसा ही जहरीला अभियान छेड़ा था। ब्राजील में तब एक्स को प्रतिबंधित किया गया। इस कदम के विरोधी लोगों से सवाल है- जो देश मस्क को अपने कानून के घेरे में लेने में अक्षम हैं, उनके पास आखिर और क्या रास्ता है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सुख-सुविधाओं पर खर्चा ज्यादा हो सकता है लेकिन इनकम अच्छी होने से तनाव नहीं रहेगा। आज आप बच्चों के साथ धैर्य रखते हुए व्यवहार करेंगे तो आप उनके प्रिय व्यक्ति बन जाएंगे और इससे उनका मनोबल और आपका सम्मान बढ़ेगा। आज कार्यस्थल पर बाहरी गतिविधियों को लेकर सावधान रहें। आज खुद को अपने कामों में व्यस्त रखें।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज अपनी काबिलियत और मेहनत पर भरोसा रखें तो आज कठिन काम भी थोड़ी कोशिश से ही पूरे हो सकते हैं। आज रिश्तेदार से आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज गैर जरूरी खर्चों पर काबू रखें। नहीं तो आपका बजट गड़बड़ा सकता है। आज स्टूडेंट्स पढ़ाई और करियर पर फोकस करेंगे तो जल्द ही सफलता के योग बन रहे हैं।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको प्रभावशाली लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा इससे आपको महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। मानसिक शांति रहेगी। आज रोजमर्रा के काम पहले की तरह चलते रहेंगे। नजदीकी यात्रा भी हो सकती है। आज किसी पर भी आंख बंद कर के भरोसा नहीं करेंगे तो आप किसी बड़ी समस्या से बच जाएंगे। आज अपने निजी मामलों को नजरअंदाज न करें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपके रुके कामों में तेजी आएगी। आज परिवार के लोगों से महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज आपके घर में धार्मिक आयोजन का विचार भी बनेगा। आज बच्चों से संबंधित किसी समस्या का समाधान निकालने के लिए किसी अनुभवी इंसान से सलाह लें। आज कार्यक्षेत्र में रूके काम जल्दी निपटाने के लिए कड़े फैसले लेने पड़ेंगे, जिसका फायदा आने वाले दिनों में मिलेगा। आज नौकरी कर रहे लोगों के काम से अधिकारी पूरी तरह संतुष्ट रहेंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आज शाम तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज प्रॉपर्टी से जुड़े मुद्दों पर चल रहे विचार विमर्श में सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज महिलाएं अपनी पर्सनैलिटी को लेकर अवेयर रहेंगी। आज भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें, पहले सोच-विचार अवश्य कर लें। आज आप बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करेंगे क्योंकि ज्यादा रोक-टोक से उनका आत्मबल कम हो सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है।आज घर के बुजुर्गों से प्रेम और आशीर्वाद मिलेगा। आज थोड़ा वक्त धार्मिक और सामाजिक कामों में बीताएं। इससे मानसिक शांति मिलेगी। आज आर्थिक निवेश के लिए दिन अच्छा है। आज खुद में बदलाव लाना जरुरी है। आज कई बार अपने उसूलों पर अड़े रहना नुकसान दे सकता है।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी कोई इच्छा भी पूरी हो सकती है। आज मेहनत के मुताबिक नतीजे नहीं मिलने से मन थोड़ा उदास रहेगा। आज ज्यादा काम करने से आप शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से थक सकते हैं। आज प्लान और काम करने के तरीके किसी से शेयर न करें। कोई इसका गलत फायदा उठा सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है।आज दोस्तों और कुछ साथियों के साथ योजनाएं बनेंगी। आज घर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज्यादा काम रहेगा। आज पूरे मन और ताकत से उन्हें पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आज व्यवस्थित दिनचर्या रखें।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है। इसका इस्तेमाल करना आपकी काबिलियत पर निर्भर करता है। आज आपको मुश्किल सवाल का जवाब भी आसानी से मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। आज रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजें खराब होने से सुधार कामों में पैसा खर्च होगा। घर में खराब चीजें रखने से बचें। बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव करने की जरूरत है। प्रॉपर्टी के बिजनेस में कोई फैसला लेते समय बहुत सावधानी रखें।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपका कोई सरकारी मामला सुलझ सकता है। जिससे आपको मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आज रिश्तेदार के किसी विवाद में आपकी मौजूदगी निर्णायक रहेगी। आपकी बुद्धिमानी और सूझबूझ की तारीफ भी होगी। आज अपनी योजनाएं किसी से शेयर न करें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवार की सुख-सुविधा संबंधी चीजों की शॉपिंग करेंगे। आज आपके कुछ पर्सनल काम भी पूरे होंगे। कभी-कभी परिवार वालों के विचार आपकी परेशानी का कारण बन सकते हैं। आज अपने व्यवहार और विचारों को संयमित रखें। आज अगर लेनदेन संबंधी कोई गतिविधि चल रही है तो अपनी सामर्थ्य का भी ध्यान रखें। बिजनेस में निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल करें।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी भी परिस्थिति में अपने काम पूरे करने की ताकत रखेंगे। आज समाज और परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आज किसी खास काम से यात्रा हो सकती है। आज भावुकता और उदारता जैसी कमजोरियों पर काबू रखने से आप अच्छे फैसले लेने में सक्षम रहेंगे।

# निष्ठा का प्रमाण देना भारतीय राजनीति की प्रमुख प्रवृत्ति

//अजीत द्विवेदी//

**भारत में स्कूल और कॉलेजों की पढ़ाई में छात्रों को कई विषयों के महत्व पर निबंध लिखना सिखाया जाता है। इसमें हर तरह के तर्क और तथ्य से निबंध के विषय को न्यायसंगत ठहराया जाता है। इसी तरह से भारतीय राजनीति में निष्ठा का महत्व' भी एक विषय हो सकता है। हालांकि इसके लिए तर्क खोजने कहीं दर्शनशास्त्र या इतिहास की किताबों में जाने की जरुरत नहीं होती है। इसे प्रमाणित करने वाले अनगिनत तर्क और तथ्य रोजमर्रा की राजनीति में दिख जाएंगे।**

सबसे ताजा मामला दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी का है। वे दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़ी हैं। वे रोड्स स्कॉलर रही हैं और इस स्कॉलरशिप के तहत उन्होंने दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्था ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से स्नात्तकोत्तर की पढ़ाई की है। लेकिन वे मुख्यमंत्री बनीं तो उन्होंने कहा कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है अरविंद केजरीवाल'। उन्होंने यह भी कहा कि उनको बधाई नहीं दी जाए क्योंकि यह दुख की घड़ी है।

आतिशी ने अपने कार्यकाल का लक्ष्य तय किया कि अगले चुनाव में अरविंद केजरीवाल को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है। इतना ही नहीं, जब वे बतौर मुख्यमंत्री कामकाज संभालने गईं तो उस कुर्सी पर नहीं बैठीं, जिस पर मुख्यमंत्री रहते उनकी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल बैठते थे। वे उस सिंहासन' के बगल में दूसरी कुर्सी लगा कर बैठीं। पता नहीं किसी ने उनको सुझाव नहीं दिया अन्यथा वे उस सिंहासन' पर खड़ाऊं' रख कर नीचे भी बैठ सकती थीं। फिर भी उन्होंने खड़ाऊं के प्रतीक का इस्तेमाल किया और कहा कि वे भरत की तरह छाया राज ही करेंगी।सोचें, क्या भारत में अपनाई गई लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में ऐसे किसी तमाशे की इजाजत हो सकती है। याद करें कैसे एक समय शिव सेना के सुप्रीमो बाल ठाकरे ने कह दिया था कि वे रिमोट से सरकार चलाते हैं तो देश में कितना बवाल मच गया था। उनके बयान को लेकर खूब बहस हुई थी और कहा गया था कि यह दुख की बात है कि एक संविधानेत्तर शक्ति का निर्माण हो गया है, जो राज्य की लोकतांत्रिक सरकार को रिमोट से चलाती है। लेकिन अब तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ रहा व्यक्ति ही खुद को मुख्यमंत्री नहीं मान रहा है और कह रहा है कि मुख्यमंत्री तो केजरीवाल ही हैं। ऐसे व्यक्ति से क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि वह मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन कर पाएगा। असल में यह भारतीय राजनीति की सबसे प्रमुख प्रवृत्ति हो गई है, जिसमें पार्टी के सर्वोच्च नेता के प्रति निष्ठा का फूहड़ सार्वजनिक प्रदर्शन सबसे जरूरी होता है। तभी आतिशी के लिए केजरीवाल के प्रति अपनी निष्ठा से ज्यादा उस निष्ठा का प्रमाण देना जरूरी है। उनको पता है कि वे विधायक दल के विश्वास की वजह से नहीं, बल्कि केजरीवाल की कृपा से मुख्यमंत्री बनी हैं। हालांकि, हर मुख्यमंत्री या मंत्री पार्टी के आलाकमान की कृपा से ही बनता है और वह इस बात को मानता भी है लेकिन अब इस मानने का अधिक से अधिक फूहड़ तरीके से प्रदर्शन जरूरी हो गया है।हो सकता है कि हाल के दिनों में घटित हुए कुछ राजनीतिक घटनाक्रम की वजह से ऐसा करना ज्यादा जरूरी हो गया हो। इस साल जनवरी के अंत में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल गए तो उन्होंने अपने और अपने पिता के भरोसेमंद साथी चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन चम्पई सोरेन थोड़े समय के बाद अपने को उस गद्दी का स्वाभाविक दावेदार मानने लगे। तभी उनकी निष्ठा संदिग्ध हो गए और जेल से बाहर निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने उनको मुख्यमंत्री पद से हटा दिया। इसके बाद वे बागी हो गए और भाजपा में चले गए। इससे पहले बिहार में नीतीश कुमार ने 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के हारने के बाद अपने भरोसेमंद जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन वे भी स्वतंत्र राजनीति करने लगे, जिसकी वजह से नीतीश को नौ महीने में ही उनको हटाना पड़ा। हटने के बाद वे भी बागी हो गए और अलग पार्टी बना ली।इन दो उदाहरणों के बाद विशुद्ध रूप से आलाकमान की कृपा से मुख्यमंत्री या मंत्री बनने वालों को लिए जरूरी हो गया कि वे जितने खुले तरीके से अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर सकते हैं उतने खुले तरीके से करें। पहले भी निष्ठा का प्रदर्शन होता था लेकिन आमतौर पर सावधानी और सूक्ष्मता के साथ इसका प्रदर्शन होता था। डॉक्टर मनमोहन सिंह इसकी मिसाल माने जा सकते हैं। इसके बरक्स जिसने भी इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा' के अंदाज में निष्ठा का प्रदर्शन किया उसकी थू थू दशकों बाद तक चलती रहती है।

अभी से पहले लंबे समय तक भारतीय राजनीति में निष्ठा और चापलूसी के बीच बारीक सा फर्क बना रहा था। इसका कारण यह था कि मुख्यमंत्री या मंत्री बनने वाले नेता अपने दम पर भी नेता होते थे और उनका खुद का भी राजनीतिक वजूद होता था। एक समान कद और लोकप्रियता वाले कई नेताओं में से किसी एक को मुख्यमंत्री या मंत्री पद के लिए चुना जाता था। नेताओं के बीच पद के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चलती थी।लेकिन अब नेताओं की योग्यता व क्षमता की जगह विशुद्ध रूप से निष्ठा को प्राथमिकता दी जाने लगी है। ऐसे आधारहीन नेताओं को उच्च पदों पर बैठाया जाने लगा, जिनकी एकमात्र योग्यता पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति निष्ठा होती है और उस निष्ठा का फूहड़ प्रदर्शन करने में भी जिनको कोई हिचक नहीं होती है। हाल के दिनों में अलग अलग राज्यों में नियुक्त हुए अनेक मुख्यमंत्रियों के चेहरे से यह प्रवृत्ति परिलक्षित होती है।बहरहाल, आतिशी ने अपने बयानों और अपने आचरण से यह सवाल खड़ा किया है कि क्या भारत का लोकतंत्र अब भी उसी कालखंड में है, जब सिंहासन पर खड़ाऊं रख कर राज किया जाता था। क्या लोकतंत्र में खड़ाऊं राज की मंजूरी दी जा सकती है। लोकतंत्र में मुख्यमंत्री जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि होता है। वह विधायकों के विश्वास से मुख्यमंत्री बनता है और उसकी प्रतिबद्धता जनता के प्रति होती है। आतिशी ने इस बुनियादी सिद्धांत का उल्लंघन किया है।

अगर वे ऐसा नहीं भी करतीं तो केजरीवाल के नेतृत्व की सर्वोच्चता पर कोई सवाल नहीं खड़ा हो रहा था। और वे अपनी निष्ठा अपने आचरण से प्रदर्शित कर सकती थीं। आतिशी ने अपने आचरण से जितना हैरान और निराश किया उतना ही हैरान और निराश केजरीवाल ने भी किया, जिन्होंने यह तमाशा न सिर्फ होने दिया, बल्कि इस तमाशे का आनंद लिया। ऐसा लग रहा है जैसे आतिशी ने केजरीवाल के अहम की तुष्टि के लिए ही यह तमाशा किया हो। इससे एक नई परंपरा भी शुरू हुई है। आने वाले दिनों में जिसको भी मौका मिलेगा वह अपनी पार्टी के सर्वोच्च नेता के प्रति इसी तरह से निष्ठा का फूहड़ प्रदर्शन करेगा। यह बड़े नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस तरह की प्रवृत्ति को फैलने से पहले रोकें।

# शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

//प्रह्लाद सबनानी //

**भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है।**

एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है।

उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर क्वाड के सदस्य देश हैं - अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है। दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है। इसी मुख्य कारण से शायद भारत दक्षिण एशिया के देशों पर अधिक ध्यान देता दिखाई दे रहा है। जिसका आशय उक्त प्रतिवेदन में यह लिया गया है कि विश्व के अन्य देशों को सहायता करने की भारत की क्षमता तो अधिक है परंतु अभी उसका उपयोग भारत नहीं कर पा रहा है। हिंद महासागर पर भारत का ध्यान अधिक है और क्वाड के सदस्य देश मिलकर भारत की इस दृष्टि से सहायता भी कर रहे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के अलावा विश्व के अन्य देशों की मदद करने के संदर्भ में भारत ने हालांकि अभी हाल ही के समय में बढ़त तो बनाई है परंतु अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में आगे बढ़ने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। उक्त प्रतिवेदन में भारत को एशिया को तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बताया गया है परंतु वस्तुतः भारत अब एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बन गया है क्योंकि इस सूची में एशिया के बाहर से अमेरिका को भी एशिया में पहिले स्थान पर बताया गया है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक का आंकलन है कि भारत यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो इस शताब्दी के अंत तक भारत, चीन एवं अमेरिका को भी पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक शक्तिशाली देश बन जाएगा।

## तस्वीरों की दुनिया



भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैदराबाद में नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के 21वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक छात्र को पदक प्रदान करती हुई।


गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्माणाधीन गुवाहाटी-उत्तर गुवाहाटी पुल का एक दृश्य।


केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पटना में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।


कुलगाम जिले के आदिगाम गांव में चल रही मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाकर्मी मोर्चा संभालते हुए।


तमिलनाडु के होसुर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट फैक्ट्री के केमिकल गोदाम में आग लगने के बाद लोग इकट्ठा हुए।


जम्मू में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और अन्य।

# यूपी के पूर्वांचल व अवध में तेज बारिश से फजीहत अब तक 10 की मौत, 20 से अधिक जिलों में अलर्ट

**लखनऊ, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

पूर्वांचल व अवध के जिलों को लगातार तीन दिनों से भिगो रहे बादलों ने शनिवार को भी जमकर पानी बरसाया। इस दौरान वज्रपात, दीवार-छप्पर गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की जान चली गई। डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हैं। कई जगहों पर सड़कों पर पेड़ गिरने की घटनाओं से आवागमन बाधित हो गया। तेज हवा व वर्षा से गन्ने, धान व सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा है। लगातार बारिश के चलते राप्ती, घाघरा व सरयू नदी उफनाने लगी हैं। गोंडा में घाघरा नदी एक बार फिर खतरे के निशान को पार कर गई है। बलरामपुर में राप्ती नदी तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही है।

अयोध्या में बीते 36 घंटों में दो सौ मिलीमीटर से ज्यादा वर्षा हुई। फसलों को भारी क्षति पहुंची है। अंबेडकरनगर में कच्ची दीवार गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। अन्य घटना में छप्पर के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हो गए। सुलतानपुर में कच्चे घर की दीवार गिरने से बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला घायल है।इसके अलावा



बिजली गिरने से एक किशोर की जान चली गई। सुलतानपुर में दो दिन से हो रही बारिश में 30 से अधिक कच्चे व पक्के निर्माण गिर चुके हैं। वाराणसी, आजमगढ़, मीरजापुर मंडल के जिलों में शनिवार को भी जमकर बारिश हुई। वज्रपात की चपेट में आकर जौनपुर में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। आजमगढ़ में वज्रपात से एक चरवाहे की मौत हो गई, दो लोग झुलसे हैं। बलिया में एक मछुआरे की मौत हुई है और एक व्यक्ति झुलस गया। चित्रकूट में भी वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई। लखीमपुर में शनिवार को दिनभर फुहारें पड़ती रहीं।बनबसा से 50,000 क्यूसेक पानी के डिस्चार्ज के बाद फिर पलिया-भीरा रोड पर पानी चलने लगा है। बहराइच में 52 मिलीमीटर वर्षा हुई। अमेठी में बिजली गिरने से एक मकान की दीवार टूटने के साथ ही आधा दर्जन घरों में लगे बिजली उपकरण ध्वस्त हो गए। श्रावस्ती में राप्ती की बाढ़ से कई रास्तों पर आवागमन बाधित हो गया है। बहाव तेज होते ही राप्ती की धारा ने गांव में मकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

गोरखपुर में कल देर रात से लेकर शनिवार की शाम तक भारी वर्षा रिकार्ड की गई। 24 घंटे में 154 मिमी वर्षा हुई।कुशीनगर जिले में तेज वर्षा के दौरान बिजली गिरने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। कानपुर और कानपुर देहात में तेज वर्षा हुई। जगह-जगह जलभराव से लोग परेशान रहे। फतेहपुर, फर्रुखाबाद व इटावा में भी वर्षा होती रही। महोबा में बिजली गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई। हमीरपुर व उरई में झमाझम बारिश होती रही।मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार को प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयागराज, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, वाराणसी, संत कबीर नगर, संत रविदास नगर, चंदौली और आसपास के इलाकों में भारी बरसात के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, राजधानी के अलावा अयोध्या, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, गोंडा, बहराइच और उन्नाव सहित आसपास के जिलों में भी तेज बरसात के साथ वज्रपात के पूर्वानुमान हैं।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि बने डिप्टी सीएम, मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल

**चेन्नई, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन को मंत्री से पदोन्नत कर राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। राज्य की



द्रमुक सरकार ने शनिवार को मंत्रिमंडल में और भी कई बड़े फेरबदल किए हैं। वी सेंथिल बालाजी की फिर से राज्य मंत्रिमंडल में वापसी हुई है।डॉ. गोवी चेझियान, आर राजेंद्रन और एसएम नासर भी मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए हैं। इन नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह 29 सितंबर यानी रविवार दोपहर साढ़े तीन बजे राजभवन में होगा। राजभवन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्यपाल आरएन रवि ने शनिवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की कैबिनेट फेरबदल की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान कर दी। सीएम ने राज्यपाल से युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनके मौजूदा विभागों के अलावा योजना और विकास विभाग आवंटित करने और उपमुख्यमंत्री के रूप में नामित करने की सिफारिश की थी। सेंथिल को दो दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दी थी। उन्होंने कैश फॉर जॉब मामले में फंसने के बाद फरवरी में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नए मंत्रिमंडल से डेयरी विकास विभाग संभालने वाले मनो थंगराज सहित तीन मंत्रियों को हटा दिया गया है।

# यूपी उपचुनाव से पहले अखिलेश यादव को लगा बड़ा झटका कद्दावर नेता ने छोड़ा साथ, मुश्किल होगी जीत की राह!

**गाजियाबाद, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को झटका लगा है। पार्टी के प्रदेश सचिव परमानन्द गर्ग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने इसके पीछे समाजवादी पार्टी पर वैश्य समाज की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में गाजियाबाद नगर निगम में महापौर पद के लिए उनकी पत्नी नीलम गर्ग को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन ऐन वक्त पर उनकी जगह प्रत्याशी बदल दिया था।इस बार विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन में गाजियाबाद सीट कांग्रेस के हिस्से में आती दिख रही है। कांग्रेस छोड़कर वर्ष 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए परमानन्द गर्ग को पार्टी की ओर से प्रदेश सचिव के तौर पर जिम्मेदारी मिली। गाजियाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रहे अतुल गर्ग के लोकसभा चुनाव में सांसद बन



जाने के बाद यह सीट रिक्त है।

उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में गाजियाबाद भी एक विधानसभा सीट है, जहां उपचुनाव होना है। इसके लिए भाजपा से लेकर कांग्रेस और सपा की ओर से भी तैयारी की जा रही है। सपा के प्रदेश सचिव परमानन्द गर्ग कांग्रेस छोड़कर ही सपा में शामिल हुए थे। उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी बनाए जाना मुमकिन नहीं है।

वैश्य समाज की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है। वह वैश्य समाज की आवाज बनने के लिए इस पार्टी में शामिल हुए थे और सच्चे सिपाही की तरह पार्टी की सेवा की, लेकिन कुछ विशेष वर्गों का ही पार्टी में बोलबाला है। वैश्य समाज की कोई कद्र नहीं है, जिसे देखकर मन कुंठित हुआ और पद व पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। - परमानन्द गर्ग पार्टी विचारधारा से कोई वास्ता नहीं रहा है। विधानसभा 2022 का चुनाव लड़ने के लिए वह कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। अब चुनाव लड़ने के लिए दूसरी पार्टी में चले जाएंगे।

## न कूड़े के पहाड़ खत्म हुए, न जगह साफ हुई, कई राज्यों में नाम मात्र का हुआ काम

**नईदिल्ली, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

शहरों में कचरे के पहाड़ों को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की योजना शुरू करते हुए राज्यों से यह अपेक्षा की थी कि वे भी अगर बराबर का साथ दें तो इन पहाड़ों को समाप्त किया जा सकता है, लेकिन यह योजना भी राज्यों की ढिलाई की वजह से धीमी शुरुआत की शिकार हो गई है।स्वच्छ भारत मिशन का एक बड़ा लक्ष्य वर्षों पुराने कुराने के ढेरों को खत्म करना है, जिनमें से अधिकांश पहाड़ बन चुके हैं। दो अक्टूबर 2014 से आरंभ हुए स्वच्छ भारत मिशन में एक अहम पड़ाव एक अक्टूबर 2021 को आया था जब एसबीएम-2.0 की शुरुआत के साथ कूड़े के इन पहाडों की समाप्ति का लक्ष्य तय कर यह कल्पना की गई थी कि भविष्य में कभी भी इस तरह की समस्या को उभरने नहीं दिया जाएगा। यानी इसके लिए मौजूदा कूड़े का निस्तारण करने के साथ ऐसे स्थलों को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करना था। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अब तक केवल 15 प्रतिशत हिस्से की सफाई हो सकी है और निस्तारित कूड़ा 35 प्रतिशत के आसपास है।देश में 2424 कूड़ाघर ऐसे हैं जहां एक हजार टन से ज्यादा ठोस कचरा एकत्र है। इनमें से केवल 470 स्थलों को ही पूरी तरह साफ किया जा सका है।

730 डंप साइट को तो अभी छुआ ही नहीं गया। दरअसल शहरों के पास ठोस कचरे के निस्तारण की कोई सुविधा ही नहीं है। उनके लिए साफ-सफाई का मतलब घरों से कूड़ा इकट्ठा कर उन्हें शहर के बाहर एक जगह डंप करते रहना है। ऐसे तमाम स्थल तो अब शहरों के भीतर आ गए हैं। मंत्रालय का अनुमान है कि लगभग 15 हजार एकड़ जमीन इन कूड़े के पहाड़ों में फंसी हुई है और उनमें कुल 16 करोड़ टन कचरा जमा है, जिसे निस्तारित किया जाना है। पर्यावरण की स्थिति पर 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में डेढ़ लाख टन ठोस कचरा रोज निकलता है, लेकिन शहरी विकास के विशेषज्ञ इससे तीन गुना यानी लगभग पांच लाख टन कूड़ा रोज निकलने की बात करते हैं, जिसमें से एक तिहाई का भी ढंग से निस्तारण नहीं हो पाता।

## हरियाणा को भाजपा ने बर्बाद कर दिया : राहुल

**नईदिल्ली, 29 सितम्बर ।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)पर शनिवार को जमकर हमला करते हुए कहा कि उसने पिछले एक दशक के दौरान हरियाणा की समृद्धि को ध्वस्त करके उसे बर्बाद कर दिया है। गांधी ने 'एक्स' पर कहा, भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली। अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोज़गारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। काले कानून लाकर किसानों का हक़ तक छीन लेने का प्रयास किया तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से लाखों छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। उन्होंने कहा, अपने 'मित्रों' को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया। कांग्रेस की आने वाली सरकार 'दर्द के दशक' का अंत करेगी। हर हरियाणा वासी की उम्मीदों, आकांक्षाओं और ख्वाबों को पूरा करना हमारा संकल्प है। गांधी ने कांग्रेस सरकार आने पर जो गारंटी देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कहा, दो लाख पक्की नौकरियां, नशा मुक्त हरियाणा, 25 लाख तक का मुफ्त इलाज, महिलाओं को 2,000 रुपए हर माह, गैस सिलेंडर 500 में,गरीबों को 100 गज का प्लॉट, 3.5 लाख की लागत से दो कमरों का मकान, बुजुर्ग, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन 6,000 रुपये, पुरानी पेंशन की बहाली, 300 यूनिट मुफ्त बिजली,किसानों को एमएसपी की गारंटी, तत्काल फसल मुआवजा, जाति जनगणना, क्रीमी लेयर की सीमा 10 लाख रुपये करने के साथ ही बचत से लेकर सेहत, अधिकारों की रक्षा से सामाजिक सुरक्षा, रोज़गार की बहार, हंसता खेलता हर परिवार ये है कांग्रेस की गारंटी।

# पहले चरण में भाजपा ने बनाए छह करोड़ सदस्य, असम रहा सबसे आगे

**नईदिल्ली, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

दो सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्य बनाकर भाजपा के शुरू हुए सदस्यता अभियान के पहले चरण में 25 सितंबर तक छह करोड़ सदस्य बने हैं। इनमें से चार करोड़ सदस्य चार राज्यों उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात और असम में बने हैं। वहीं राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्य में सदस्यता अभियान गति नहीं पकड़ पाई है ।



भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार पहले चरण की सदस्यता अभियान की समीक्षा की जा रही है और उसकी कमियों को दूर करते हुए एक अक्टूबर से दूसरा चरण शुरू किया जाएगा, जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। इसके 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्य बनाने का काम चलेगा।वैसे पहले चरण के सदस्यता अभियान में अपेक्षा से कम माना जा रहा है, लेकिन अच्छी बात यह है कि 80 फीसद सदस्यता फार्म में अपनी पूरी जानकारी देकर सदस्य बने हैं। 2019 में मिस्ड कॉल से सहारे सदस्य बनाने में कई गड़बड़ियों की शिकायत के बाद इस बार सदस्यों के सत्यापन पर विशेष जोर दिया गया है। भाजपा के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर सदस्यता अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों के संगठन को बधाई दी। उनके अनुसार सदस्यता अभियान में दिए लक्ष्य को हासिल करने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों में असम (85 फीसद), हिमाचल प्रदेश (75 फीसद), मध्यप्रदेश (70 फीसद), उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड व अरुणाचल प्रदेश (65 फीसद) और त्रिपुरा (60 फीसद) शामिल है। संख्या के हिसाब से देंखे तो उत्तरप्रदेश में 1.5 करोड़, मध्यप्रदेश व गुजरात एक-एक करोड़ और असम में 50 लाख सदस्य बने हैं।

### दोस्ती के बाद लड़कों को कमरे में बुलाती लड़कियां, फिर कपड़े उतारकर करती ये कांड

**पटना।** बिहार के किशनगंज में एक ऐसे मामले का खुलासा हुआ जिसने सभी के रौंगटे खड़े कर दिए। जहां लड़कियों ने कई लड़कों को अपने जाल में फंसाया। पहले दोस्ती की, फिर प्यार और बाद में कमरे में बुलाती और फिर न्यूड वीडियों बना लेती। इस गैंग में दो लड़कियां शामिल है, वह पहले दोस्ती करती फिर कस्टमर को रूम बुलाती, गैंग के अन्य सदस्य अश्लील वीडियो बनाते और फिर उसी कमरे में आ जाते। युवकों का न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हो जाता। किराए के मकान में ये गोरखधंधा चल रहा था।

# सीएम धामी ने की प्रवासियों के लिए वेबसाइट की शुरुआत कहा- प्रदेश के विकास में इनके अनुभव का लेंगे सहयोग

**देहरादून, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट लांच की। इस वेबसाइट पर प्रवासियों को राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में प्रवासियों की विशेषज्ञता, अनुभव एवं वित्तीय क्षमता का लाभ लिया जाएगा। उन्होंने सात नवंबर को देहरादून में भव्य प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासियों ने देश-दुनिया में अपने कार्यों के बल पर अलग पहचान बनाई है। मातृभूमि से सबका जुड़ाव होता है। विश्व में कहीं भी रह रहे प्रवासियों से हमारा नियमित संपर्क होना चाहिए। उनके हर सुख-



दुख में हम भागीदार बनें, यह प्रयास किया जा रहा है।सात नवंबर को प्रवासी उत्तराखंड दिवस पर सम्मेलन में विदेश में रह रहे सभी प्रवासियों आमंत्रित हैं। उनका डाटाबेस अपडेट रखा जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने प्रवासियों को मातृभूमि से जोड़ने और उन्हें सम्मानित करने को प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि प्रवासियों की सुविधा के लिए वेबसाइट www.pravasiuttarakhandi.uk.gov.in लांच की गई है। इसमें विदेश मंत्रालय एवं उनकी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिंक भी दिए गए हैं। प्रकोष्ठ ने विभिन्न स्रोतों से प्रवासी संगठनों एवं प्रतिष्ठित प्रवासियों के संपर्क सूत्र एकत्र किए हैं।

अभी तक 18 देशों में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियों से संपर्क स्थापित किया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम, दीपेंद्र चौधरी, एसएन पांडेय, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, आइटीडीए निदेशक नीतिका खंडेलवाल, प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ के सदस्य सुधीर चंद्र नौटियाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कनाडा में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा से छेड़छाड़

**ब्रैम्पटन।** कनाडा के ब्रैम्पटन प्रांत में एक बेहद निंदनीय घटना सामने आई है। कुछ फिलिस्तीनी उपद्रवियों ने महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा पर हमला करने की कोशिश की है। आरोपियों ने प्रतिमा पर फिलिस्तीन का झंडा लगा दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक कनाडाई पत्रकार द्वारा साझा किए गए इस 37 सेकंड के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो युवक, जिनके चेहरे ढके हुए हैं, महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा पर चढ़कर उनके घोड़े पर फिलिस्तीन का झंडा लगा रहे हैं।

# रानी मुखर्जी का पल्लू पकड़कर स्टेज पर कुछ ऐसी हरकत करते दिखे शाह रुख खान, वीडियो हो गया वायरल

**नईदिल्ली, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रतिष्ठित फिल्म समारोह इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स अबु धाबी में आयोजित किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस फिल्म समारोह में शाह रुख खान ने होस्ट बनकर पूरी महफिल चुरा ली। 27 सितंबर को आईफा समारोह शुरू हुआ था। पहले दिन मंच पर तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ सिनेमा से जुड़े सितारों को सम्मानित किया गया था और उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से लोगों का दिल चुराया। दूसरे दिन (28 सितंबर) बॉलीवुड सितारों का जलवा रहा। आईफा 2024 के दूसरे दिन को शाह रुख खान, करण जौहर और विक्की कौशल ने होस्ट किया। अवॉर्ड समारोह में किंग खान की होस्टिंग लोगों को खूब पसंद आती है और इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। शाह



रुख ने न केवल मंच पर डांस किया, बल्कि मस्तीभरे अंदाज से भी सभी को एंटरटेन कर दिया।आईफा में यूं तो कई यादगार पल थे, जो ध्यान खींचने वाले थे लेकिन रानी मुखर्जी और शाह रुख खान का बॉन्ड सबसे हटकर था। दोनों साथ में बैठे थे। साथ ही मंच पर भी उनकी मुलाकात हुई और शाह रुख ने कुछ ऐसा किया, जिसने लोगों को फिल्म कुछ कुछ होता है की याद दिला दी। दरअसल, आईफा के मंच पर जब रानी मुखर्जी मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड रिसीव करने आईं तो उन्होंने करण जौहर को गले लगाया। जब वह वहां से जाने लगीं तो शाह रुख ने अभिनेत्री का पल्लू पकड़ लिया, ताकि वह उनके पैर से फंसे न। उनका ये जेस्चर देख रानी ने उन्हें धन्यवाद किया। रानी मुखर्जी और शाह रुख खान का ये वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। लोग फिर से दोनों को एक साथ फिल्म में देखने के लिए बेकरार हैं।

## छोटे बच्चों को धरना-प्रदर्शन में ले जाने वाले माता-पिता पर हो कड़ी कार्रवाई, हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**केरल, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

केरल हाई कोर्ट ने माता-पिता द्वारा विरोध प्रदर्शनों में छोटे बच्चों को ले जाने के बढ़ते चलन पर चिंता जताई है। कहा है कि बच्चे धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह आदि का उद्देश्य नहीं समझते। माता-पिता अपने विरोध प्रदर्शन में ध्यान खींचने के लिए बच्चों को वहां ले जाते हैं। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को उनकी इच्छानुसार मित्रों के साथ खेलने-कूदने के लिए छोड़ देना चाहिए। यदि अभिवावक ध्यान आकर्षित करने के लिए जानबूझकर छोटे बच्चों को विरोध प्रदर्शन, धरना या सत्याग्रह में ले जाएं तो कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कानून लागू करने वाली एजेंसियों (ला एनफोर्सिंग एजेंसियों) को कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। हाई कोर्ट ने कहा कि बच्चे सिर्फ माता-पिता की ही संपत्ति नहीं है बल्कि समाज की भी निधि हैं। इसलिए, माता-पिता का कर्तव्य है कि वह छोटे बच्चों को धरना प्रदर्शन में न ले जाएं।केरल हाई के न्यायाधीश पीवी कुन्हीकृष्णन ने यह बात 24 सितंबर को दिये आदेश में कही है। हाई कोर्ट ने इस चलन को खत्म किये जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि इसे खत्म करने के कई कारण हैं। इसमें बच्चों का सामना तेज गर्मी से होता है। वहां स्वच्छता नहीं होती।

भीड़ में बच्चे बीमार हो सकते हैं। प्रदर्शन से बच्चे की नियमित दिनचर्या प्रभावित हो सकती है। उसकी नींद और शिक्षा आदि में व्यवधान आ सकता है। बच्चे को धरने में ले जाया गया तो वहां हिंसा की भी आशंका रहती है। बच्चे को शारीरिक क्षति का खतरा रहता है। शोर, भीड़ और झगड़े से बच्चे को तनाव हो सकता है। हालांकि मौजूदा मामले में हाई कोर्ट ने तीन साल की छोटी बच्ची को मई की गर्मी में प्रदर्शन में शामिल करने वाले माता-पिता के खिलाफ जुविनाइल जस्टिस कानून 2000 की धारा 23 में दर्ज मुकदमा निरस्त कर दिया।

## न्यू लाईफ में पोषण आहार पर कार्यक्रम आयोजित

**बैकुंण्ठपुर।** न्यू लाईफहेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में शिक्षकों के समक्ष बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देशय विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार के बारे में जागरूकता और तैयारी प्रदान करना था। गत दिवस जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर छात्राओं द्वारा मरीजो को आहार के उपयोग, खाद्य पदार्थों के पोषण मूल्यों और आहार तालिका योजना के बारे में बताया गया तथा पोषण तत्वों के कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया एवं उसके उपचार व बचाव के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि हम सभी को संतुलित आहार लेना चाहिए जिससे हम विभिन्न प्रकार के बीमारियों से अपना बचाव कर सकते हैं। न्यू लाईफसंस्था परिसर में विद्यार्थीयो द्वारा कुपोषण आहार, गर्भावस्था में आहार, रक्ताल्पता (एनीमिया),उच्चरक्तचाप और मधुमेह के लिए विभन्न प्रकार के आहार तैयार किए गये। । न्यू लाईफइंस्टीट्यूट ऑफनर्सिंग के सभी छात्र और कर्मचारी पोषण आहार कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्मिलित थे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त शिक्षकों के द्वारा, प्राचार्या डॉ. अजंना सेमुएल के मार्गदर्शन में किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग ट्यूटर सैम्या मेहता के द्वारा किया गया।

### दर्शनार्थियों के लिए अतिरिक्त सुविधा व्यवस्था की गई

**रायपुर।** मॉ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में नवरात्रि पर्व मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## एसईसीएल प्रबंधन से नाराज लोगों ने रास्ता जाम कर बताई अपनी परेशानी

**लखनपुर।** एसईसीएल अमेरा क्षेत्र अंतर्गत सिंगीटाना व अमेरा मार्ग के बीच लगभग पांच किमी जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को चक्का जाम कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा लेकिन समझाइश के बाद भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। स्थानीय विधायक राजेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों का समर्थन करते हुए सड़क नहीं बनने की स्थिति में ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन पर बैठने की बात कही। खबर लिखे जाने तक आंदोलन जारी था।



जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 130 स्थित सिंगीटाना से अमेरा खदान, पीपरखार से अमेरा खदान एवं रजपुरीकला से अमेरा खदान तक सड़क काफी जर्जर हालत में है। जर्जर सड़क को लेकर पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा सरगुजा कलेक्टर सहित एसइसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया था परंतु अब तक सड़क नहीं बन सकी है। सड़क नही बनने पर पूर्व में दो बार ग्रामीणों के द्वारा चक्का जाम किया गया था। एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन के आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया था। लगातार उपेक्षा से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को एसईसीएल अमेरा खदान मार्ग पर चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कहा कि जल्द ही सड़क की स्थिति नहीं सुधरी तो इन रास्तों से कोयला परिवहन भी बंद कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि सड़क बनवाने कलेक्टर और एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वही एसईसीएल क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होगा तब तक चक्का जाम जारी रहेगा। अब देखना होगा कि एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा कब तक सड़क का निर्माण कराया जाता है। शनिवार की शाम तक ग्रामीणों का चक्काजाम जारी था। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हैं।

## हजारों की नशीली दवाओं के साथ आरोपी गिरफ्तार



**कोरिया।** थाना प्रभारी पटना जिला कोरिया को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम डुमरिया राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में एक व्यक्ति हरे रंग का झोला में अवैध नशीली दवा बिक्री करने के लिए रखा है एवं ग्राहक का इंतजार कर रहा है। उक्त सूचना से थाना प्रभारी पटना द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरिया को अवगत कराया गया एवं एसपी कोरिया द्वारा तत्काल उक्त आरोपी को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर मुखबीर के बताये स्थान पर थाना पटना से निरीक्षक विनोद पासवान एवं हमराह स्टॉफद्वारा ग्राम डुमरिया पर तस्दीक हेतु पहुँचे। जहाँ पर मुखबीर द्वारा इशारा करके बताने पर एक व्यक्ति हरे रंग का झोला रखा हुआ था, जिसे थाना पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोचा एवं उससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अभिषेक सारथी उर्फ बाबू आ0 परमेश सारथी, निवासी सरनापारा थाना पटना जिला कोरिया छ0ग0 का होना बताया, उक्त व्यक्ति की स्वतंत्र गवाहों के समक्ष उसकी तलाशी ली गई। जिस पर उसके कब्जे से बुप्रेनार्फिन (इकोप्राईन) 02 एम. एल. के 57 नग इंजेक्शन, एविल वायल 10 एम.एल. के 57 नग, एक नग टेको कंपनी का पुराना इस्तेमाली मोबाईल कुल कीमती 6277/- रूपए अवैध रूप से बरामद किया गया है। औषधि निरीक्षक द्वारा नशीली दवाओं के इंजेक्शन का परीक्षण कराया गया। औषधि निरीक्षक के अभिमत के आधार पर अभियुक्त का उक्त कृत्य धारा 21(ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत अजमानतीय अपराध होने से उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## भागवत सुन रही पांच महिलाओं के गले से सोने के चैन व मंगलसूत्र पार



**लखनपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा स्थल पर पांच महिलाएं चैन स्नेचिंग का शिकार हो गईं। उनके गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र पार कर दिया गया। महिलाओं को चैन स्नेचिंग का पता कथा समाप्त होने के बाद चल सका। लखनपुर पुलिस सीसी कैमरों के माध्यम से आरोपितों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। शातिर महिलाओं द्वारा ही घटना कारित किए जाने की संभावना है। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक छह स्थित स्वयं-भू शिव मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यहां विवेक जी महाराज द्वारा हर दिन दोपहर से शाम तक कथा वाचन किया जाता है। लखनपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा में शामिल हुए थे। कथा खत्म होने के बाद अचानक महिलाओं के बीच अफरातफरी मच गई क्योंकि पांच महिलाओं के गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र पार कर दिया गया था। गले से चेन व मंगलसूत्र गायब होने से एक महिला कथा स्थल पर ही बेसुध हो गई थी। लखनपुर निवासी निर्मला वर्मा, प्रेमनगर की परमेश्वरी साहू, झिनपुरीपारा लखनपुर की खूशबू साहू तथा जूना लखनपुर निवासी किरण अग्रवाल व संतोष देवी अग्रवाल के गले से चैन व मंगलसूत्र गायब किया गया है।चैन स्नेचिंग की सूचना पर लखनपुर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। उन महिलाओं से बातचीत की गई जिनके चैन व मंगलसूत्र चोरी कर लिए गए थे।कथा स्थल पर लगे सीसी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रद्धालुओं से भी जेवरात पहनकर भीड़ भाड़ में नहीं जाने आग्रह किया गया है। बताते चले की मंदिरों, धार्मिक आयोजनों के अलावा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी है।

### शराब दुकान का सेल्समेन लाखों रुपए लेकर फरार

**रायपुर।** सरोना अंग्रेजी शराब दुकान के सेल्समेन ने 27 लाख का हेराफेरी कर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी अभिषेक शर्मा 29 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू का रहने वाला है।

प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि सरोना के अंग्रेजी शराब दुकान में कार्यरत सेल्समेन सोनू साहू 33 वर्ष ने शराब बिक्री की रकम 27 लाख 17 हजार 470 रुपए लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 30 नग सीरप जब्त किया है।

## राजमिस्त्री हत्या,अंतिम संस्कार में जन प्रतिनिधियों के साथ शामिल हुए नागरिक

**अंबिकापुर।** राजमिस्त्री संदीप लकड़ा के शव का शनिवार को गृहग्राम बेलजोरा (सीतापुर ) में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिछले 21 दिन से उसका शव अंबिकापुर के मेडिकल कालेज अस्पताल के मोर्चरी में रखा हुआ था। पीड़ित परिवार और सर्व आदिवासी समाज द्वारा उठाए गए मांगों को लेकर सहमति बन जाने के बाद 22 वें दिन अंतिम संस्कार हो सका।



लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सभी ने मृतक को श्रद्धांजलि दी। इसके पहले शनिवार सुबह मृतक के स्वजन की उपस्थिति में अंबिकापुर स्थित मोर्चरी से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस सुरक्षा में निश्शुल्क शव वाहन मुक्तांजली से शव को अंबिकापुर से मृतक के गृहग्राम ले जाया गया। गांव में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित थे। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी ,नायब तहसीलदार आरएस पैकरा, थाना प्रभारी सीतापुर मोरध्वज देशमुख, बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी, लुंड्रा शिशिरकांत सिंह समेत ग्रामवासी मौजूद थे। मुख्य आरोपित के गिरफ्तार नही होने तक विधायक ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराया है। मालूम हो कि राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शुक्रवार को सीतापुर गए थे। उनसे चर्चा के बाद ही मामले का पटाक्षेप हुआ था। सीतापुर का धरना भी समाप्त हो गया है।मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। पुलिस का पूरा फ़ोकस अब मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय की गिरफ्तारी को लेकर है। राजमिस्त्री संदीप लकड़ा का सात जून को अपहरण कर लिया गया था। उसी रात हत्या कर मैनपाट के लुरैना में शव को दफना उसके ऊपर पानी टँकी बना दिया गया था। तीन माह बाद छह सितंबर को उसका शव पानी टँकी को जमींदोज कर बरामद किया गया था। आरोपितों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना की थी। राजमिस्त्री संदीप लकड़ा के अपहरण और हत्या की घटना में शामिल छह आरोपितों को अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय तथा उसके निजी वाहन चालक राजा यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार अलग-अलग टीमें लगी हुई है।

## पिकअप चोरी का खुलासा हुआ 100 कैमरों की पड़ताल से



**अंबिकापुर।** शहर के भाथुपारा मोहल्ले से पिकअप चोरी का मामला पुलिस ने 100 से अधिक सीसी कैमरों का फुटेज खंगालने के बाद सुलझा लिया है। वाहन के पूर्व मालिक व उसके चालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी का पिकअप बरामद कर लिया है। भाथुपारा निवासी संध्या व्यापारी ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष भटगांव निवासी राहुल सिंह का पुराना पिकअप वाहन फाइनेंस के माध्यम से क्रय कर उपयोग कर रही थी। 13 सितंबर की रात पिकअप की चोरी कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से पुलिस टीम द्वारा घटना कारित करने वाले शिवशंकर विश्वकर्मा (21)डुमरिया भटगांव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि अपने साथी व पिकअप वाहन के पूर्व मालिक राहुल सिंह के कहने पर घटना कारित की थी। आरोपित राहुल ने वाहन का चाबी भी दिया था। चोरी के पिकअप वाहन को खगड़िया बिहार में ले जाकर रखने की जानकारी भी उसने पुलिस को दी। पुलिस टीम ने खगड़िया बिहार से पिकअप वाहन को बरामद किया। वाहन के पुराने मालिक राहुल सिंह (28) से पूछताछ करने पर बताया कि वाहन चालक शिवशंकर द्वारा पूर्व में पिकअप वाहन का एक्सीडेंट किया गया था। पूर्व मालिक ने ही पिकअप वाहन की चाबी देकर चोरी करवाया था। दोनों एक साथ स्कार्पियो वाहन से अंबिकापुर आए थे। घटनास्थल की रेकी कर वाहन चालक शिवशंकर द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी। पूर्व वाहन मालिक राहुल सिंह द्वारा स्कार्पियो में आकर वाहन में डीजल भरवाया गया था। आरोपितों के कब्जे से चोरी का पिकअप वाहन तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त कर लिया गया है।

## राज्य सरकार गांवों के साथ-साथ शहरों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित:मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुर्ग नगर के वार्ड नंबर-03 मठपारा में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग के इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, साईंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन केनाल रोड सड़क चौड़ीकरण, चण्डी मंदिर से नया पारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण की घोषणा की। उन्होंने नगर के प्रमुख चौराहों में महिलाओं के लिए पिंक शौचालय के निर्माण की भी घोषणा की। सांसद एवं स्थानीय विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 22 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार गांवों के साथ-साथ शहरों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। आज दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में एक साथ लगभग 23 करोड़ रूपए की लागत के कार्यों का एक साथ भूमिपूजन किया गया, यह विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की झलक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करके आम जनता ने हमें सरकार बनाने का मौका दिया। जनता ने हमें जो आशीर्वाद दिया है, मैं उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए आया हूं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीते 9 माह पर नजर डाले तो राज्य सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कम समय में बहुत से उल्लेखनीय काम किए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों का निर्माण किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 हजार रूपए की दर से वार्षिक 12 हजार रूपए आर्थिक सहायता प्रदान की जा



रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। प्रदेशवासियों को रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम यात्रा करायी जा रही है। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु उठा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने की। सांसद श्री विजय बघेल, विधायक श्री गजेन्द्र यादव एवं विधायक श्री रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज का यह अवसर बहुत इन्तजार के बाद आया है। प्रदेश में नगरों के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। 43 करोड़ 67 लाख के 167 कार्य पहले ही स्वीकृत हो गये हैं। उन्होंने कहा कि आज दुर्ग वासियों को बहुत बड़ी सौगात मिली है। हमारा प्रदेश स्वच्छ व सुंदर बने इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। सांसद विजय बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि दुर्ग शहर के लिए यह सौभाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 23 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य का क्षण है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार छत्तीसगढ़ में लगातार विकास के कार्य कर रही है। उनकी सराहना करते हुए हम गदगद हो जाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने दुर्ग एवं भिलाई नगर में ऑडिटोरियम निर्माण एवं महिलाओं के लिए पिंक सुलभ शौचालय की मांग की। स्थानीय विधायक श्री गजेन्द्र यादव ने अपने स्वागत उद्बोधन में नगर के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग और सांइस कालेज के पीछे केनाल रोड निर्माण की ओर मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किये। उन्होंने आज विकास कार्यों के भूमिपूजन के लिए नगरवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दुर्ग नगर क्षेत्र में लगभग 23 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों में 1 करोड़ 98 लाख 39 हजार रूपए लागत के उरला में खेल मैदान का विकास कार्य, 88 लाख 47 हजार रूपए लागत के सड़क सुरक्षा हेतु राजेन्द्र पार्क चौक में विकास कार्य, 1 करोड़ 66 लाख 02 हजार रूपए लागत के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण कार्य, 1 करोड़ 35 लाख 41 हजार रूपए लागत के विभिन्न वार्डों में 8 स्थानों पर डामरीकरण व 1 स्थान पर पेवर ब्लॉक, 1 करोड़ 99 लाख 43 हजार रूपए लागत के गया नगर 33 के.वी. पावर स्टेशन के पास डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य, 49 लाख 98 हजार रूपए लागत के वार्ड क्रमांक 15 सतनाम भवन आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य, 8 करोड़ 33 लाख रूपए लागत के शहर के विभिन्न वार्डों में कुल 59 कार्य , 2 करोड़ 72 लाख 37 हजार रूपए लागत के वार्ड क्रमांक 32 शिक्षक नगर में वाटर सप्लाई पार्ट ए एवं बी, 25 लाख रूपए लागत के राजेन्द्र पार्क चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना, 50 लाख रूपए लागत के गोंडवाना भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त हॉल निर्माण कार्य, 2 करोड़ 14 लाख रूपए लागत के विधायक निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य तथा 65 लाख रूपए लागत के प्रभारी मंत्री निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

**अजब चोर**

### जहां पेट्रोल खत्म होता वहीं छोड़ देता था बाइक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर की मंदिर हसौद थाना पुलिस ने शौकिया बाइक चोरी करने वाले आरोपित कैलाश नौरंगे को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 15 चोरी की बाइक जब्त की गई हैं। चोरी के दोपहिया में वह शहर में घूमता था और फिर जहां पेट्रोल समाप्त हो जाता था, वहीं बाइक को वहीं खड़ी कर देता था। पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में तिल्दा निवासी कैलाश नौरंगे को पकड़ा गया है। कैलाश पहले भी दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। वह रायपुर जिला के अलावा कोरबा, बिलासपुर सहित कई अन्य जिलों में दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। कैलाश ने यू-ट्यूब से वाहन चोरी करना सीखा है। वाहन में हैंडल लॉक लगा होता था। कैलाश उन दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं करता था। आरोपित कैलाश बड़ी ही सफाई से ब्लेड से दोपहिया वाहन का केबल काटकर चोरी करके ले जाता था। ज्यादातर दोपहिया वाहन लावारिस हालत में रोड किनारे पुलिस को मिले थे, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से थानों में खड़ा करा दिया था। थानों में जो दोपहिया मिले, उनमें से ज्यादातर को अलग-अलग ढाबा संचालकों ने पुलिस के पास जमा किया था। कैलाश किसी ढाबा में खाना खाने जाता था, वहां पैसा नहीं होने का झांसाकर गिरवी के तौर पर दोपहिया छोड़कर भाग जाता था।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी चेतराम नायक ने रेस्टोरेंट में प्रार्थिया से परिचय हुआ और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गुढ़ियारी क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार एकतानगर गुढ़ियारी निवासी टी.रेणु गोपाल पटनायक 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 4436 को बड़ा अशोक नगर सब्जी बाजार के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में तुलसीनगर निवासी रूपेश कुमार मरकाम 23 वर्ष ने गोगांव स्थित प्रिंस ढाबा के पास अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीयू 1778 को खड़ी किया था, तभी आात चोर ने पार कर दिया।

## नहीं बांटी गई पुस्तकें, कबाड़ अड्डे पर मिली

**सूरजपुर।** पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तके मुहैया कराने पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा सूरजपुर जिले में भेजी गई नई पुस्तकों को कबाड़ में बेचे जाने के मामले की जांच में जहां एक ओर कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मामले की जांच में लीपापोती के आरोप भी लग रहे हैं। जांच में मिले तथ्यों की जानकारी देने में जिम्मेदार अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। राज्य स्तर पर मामला संज्ञान में आने के बाद मामले की प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर डीईओ द्वारा गोदाम प्रभारी व दो कार्यालय सहायकों को निलंबित भी किया जा चुका है।

विगत दिनों रायपुर के सिलियारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल में पकड़ी गई पाठ्य पुस्तक निगम की नई पुस्तको की जांच में पता चला था कि शशिकांत ट्रेडर्स ग्राम वीरपुर जिला सूरजपुर नामक फर्म द्वारा सुरजपुर जिले की 40 क्विंटल नई पुस्तके कबाड़ में बेची गई है। इस आशय की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने शिक्षा विभाग के पुस्तक गोदाम की जांच की और उन्होंने प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी पाते हुए कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन सौप दिया था। उसके बाद कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा के नेतृव में पांच सदस्यीय टीम गठित कर पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए थे। इधर शिक्षा विभाग के सूरजपुर जिला मुख्यालय स्थित पुस्तक गोदाम में स्टाक का भौतिक सत्यापन भी पूर्ण कर लिए जाने और इसकी जानकारी रायपुर भेज दिए जाने की बात कही जा रही है। उसके बावजूद संबन्धित अधिकारी जानकारी देने में टालमटोल कर रहे है। पड़ताल में पाया गया कि जिलेभर में संचालित शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या से तकरीबन दोगुनी पुस्तकों की डिमांड सुनियोजित साजिश के तहत पाठ्य पुस्तक निगम को भेजी गई थी और वहां से दर्ज संख्या से काफी अधिक पुस्तकें यहां मंगाई गई थी। अब अधिक आई पुस्तको को वापस पाठ्य पुस्तक निगम को भेजे जाने की तैयारी होने की अपुष्ट जानकारी मिली है। मजे की बात तो ये है कि नवीन सत्र काफी पहले शुरू हो चुका है। निजी विद्यालयों में अभी तक पूरी पुस्तको की आपूर्ति नही सकी है। जांच के दौरान पता चला है कि निजी स्कूलों में आपूर्ति की जाने वाली पुस्तके अभी तक बड़ी मात्रा में शिक्षा विभाग के गोदाम में ही पड़ी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नवीन सत्र में निजी स्कूल के विद्यार्थी बिना पुस्तक कैसे पढ़ाई कर रहे होंगे। वही जिले में 336 निजी स्कूल का संचालन होना शासकीय दस्तावेजो में दर्ज है, जबकि दर्जनों निजी स्कूलों का संचालन सिर्फ कागजों में हो रहा है और आरटीई के जरिये तथाकथित निजी स्कूल संचालक संबन्धित अधिकारियों की सांठगांठ से शासन को करोड़ो की चपत लगा रहे है। इस आशय की उच्चस्तरीय जांच से चौकाने वाले तथ्य उजागर होंगे। इधर पड़ताल में मिले तथ्यों से स्पष्ट हुआ है कि रायपुर के रियल बोर्ड पेपर मिल में कबाड़ में बेची गई नई पुस्तको का वजन चार टन के बजाय करीब 16 टन था। जिसकी पुष्टि संबन्धित फ़र्म शशिकांत ट्रेडर्स के दो ई वे बिल से होती है। दो ट्रक नई पुस्तके कबाड़ में बेचे जाने की पुष्टि हो रही है। एक ट्रक के जरिए 8120 किलो और एक अन्य ट्रक के जरिए 7870 किलो नई पुस्तकें कबाड़ में बेची गयी है। ऐसे में जांच कार्रवाईपर भी सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। जांच अधिकारी संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा का मोबाइल बन्द रहने व डीईओ रामललित पटेल का मोबाइल आउट आफ कवरेज रहने की वजह से उक्त मामले में उनका पक्ष नही लिया जा सका। गंभीर मामले में जांच के नाम पर लीपापोती का आरोप लगने से राज्य सरकार की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। मामला बड़े घोटाले का है। मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। सूरजपुर जिले में संचालित निजी स्कूलों का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही दर्ज संख्या की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। आखिर दर्ज संख्या से तकरीबन दोगुना पुस्तकें क्यो मंगाई गई, यह जांच का अहम पहलू है। मामले की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

# चखना कारोबारी से मारपीट कर लूट लिये 7 हजार नगद

### आरोपियों की खोज में जुटी पुलिस

**कोरबा।** भले ही आबकारी विभाग की नीति के अंतर्गत शराब दुकानों का संचालन रात्रि 10 बजे तक ही करना है, लेकिन कई जगह नियम की अनदेखी हो रही है। इस चक्कर में पिछली रात दर्री क्षेत्र में लूट की घटना हो गई। एक चखना कारोबारी को हजारों की चपत लगी। पुलिस ने लूटेरों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ तलाश शुरू कर दी है।

शनिवार की रात 11 बजे यह घटना हुई। दर्री पुलिस थाना अंतर्गत यहां से कुछ दूरी पर फर्टीलाईजर क्षेत्र में आबकारी विभाग के द्वारा सरकारी शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए सुबह 9 से रात 10 बजे का समय अधिसूचित कर दिया गया है। बदली व्यवस्था में दुकानों के आसपास पिछले वर्षों में चल रही चखना दुकानें बंद कर दी गई है और उन्हें शराब दुकान के परिसर में ही सिफ्ट कर दिया गया है। इसके लिए इसी वित्त वर्ष में बकायदा टेंडर की प्रक्रिया की गई और कामकाज बांटा गया। पात्रता के आधार पर लोग शराब दुकान केंम्पस में चखना बेच रहे हैं। बताया गया कि रात्रि 11 बजे को यहां संजय झा नामक युवक से चार लोगों ने मिलकर लूटपाट की और भाग गए। लूटेरों ने 7 हजार 300 रूपए की रकम लूटी हैं।



फर्टिलाईजर स्थित वह परिसर जहां पिछली रात को लूट की घटना हुई।

ये लोग यहां ग्राहक बनकर पहुंचे थे। इस दौरान झा से सिगरेट ली और कुछ देर यहां ठहरने के बाद विवाद व मारपीट कर लूटपाट की। फिर वे भाग गए। पीड़ित ने इस बारे में दर्री पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है, जिसमें चार लोगों के हुलिए के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 309 (4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। बताया गया कि उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### उठ रहे कई सवाल

सवाल उठ रहा है कि जब शराब दुकानों का संचालन रात 10 बजे तक ही होना है तो फिर इनके परिसर में चखना बेचने और उनका उपयोग करने जैसी गतिविधियां रात्रि 11 बजे तक आखिर कैसे चल रही है। इसके लिए अनुमति किसके द्वारा दी गई है। दर्री क्षेत्र में हुई इस घटना ने यह सवाल तो खड़ा कर दिया है कि जब यहां 11 बजे तक रौनक हो सकती है तो बाकी क्षेत्र में कमोवेश ऐसी स्थिति रहती होगी।

### पहले भी हुई है लूट की घटनाएं

इससे पहले कोरबा जिले के ही दर्री थाना अंतर्गत गोपालपुर दर्राभांठा समेत पाली क्षेत्र में शराब दुकानों से लूटपाट की घटनाएं हुई है। इन घटनाओं को रात्रि में तब अंजाम दिया, जब दुकानों में शराब की बिक्री बंद हो जाती है और फिर दिन भर की बिक्री व रकम का हिसाब किया जाता है। इन मामलों में पुलिस ने उड़िसा के गिरोह को गिरफ्तार किया है। इधर चखना कारोबारी से हूई लूट की कारोबारी को लेकर माना जा रहा है कि लूटपाट करने वाले आसपास के तत्व हो सकते हैं।

## कोरबी में मुख्य मार्ग पर पहुंचा हाथियों का झुंड, देखने ग्रामीण की उमड़ी भीड़



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में बड़ी संख्या में हाथी एक बार फिर पहुंच गए हैं। 39 सदस्यीय इस दल में नर -मादा हाथियों के अलावा शावक भी शामिल है। हाथियों का यह दल आज प्रात: 9.30 बजे के लगभग कोरबी चिरमिरी के मुख्यमार्ग पर पहुंच सड़क पार किया। बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने तथा सड़क पार किये जाने की सूचना जैसे ही वन विभाग को लगी, तत्काल वन अमला मौके पर पहुंचे और सड़क के दोनों ओर आवागमन को रोक हाथियों को सड़क पार करने दिया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार मुख्य मार्ग के दोनों ओर लग गई। वहीं ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच कर झुंड की के साथ ही हाथियों की फोटो ग्राफी व रील बनाने में लग गए, जिसे स्टाफ ने समझा बुझाकर नियंत्रित किया। हाथियों ने सड़क पार जंगल जाने के बाद आवागमन सामान्य हुआ और लोग अपने-अपने गतंव्य की ओर रवाना हुए। बताया जाता है कि पसान रेंज के सेमहरा क्षेत्र में मौजूद हाथियों का दल केंदई रेंज में आ गया है। यह दल पूर्व में यहां मौजूद हाथियों के साथ मिला और आज सुबह कोरबी में पोस्ट आफिस के निकट मुख्य मार्ग को पार किया और खुरूपारा जंगल पहुंच गया। हाथियों के दल ने रास्ते में रोदे पोड़ी खुर्द तथा कोरबी में बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया है।

## फंदे पर लटका मिला युवक

**कोरबा।** हरदीबाजार के पुरानी बस्ती क्षेत्र में अशोक यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने यह नजारा देखा तो वे हक्के बक्के रह गए। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। खबर के मुताबिक प्रारंभिक जांच पड़ताल के दौरान एक सुसाइट नोट प्राप्त हुआ है। इसमें एक युवती और पुलिस को लेकर कहा गया कि किसी मामले में मृतक को परेशान किया जा रहा था। इसलिए वह खुदकुशी करने को मजबूर हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया कि सुसाईट नोट की राइटिंग की जांच फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से करायी जाएगी। उसके बाद प्रकरण में जांच आगे बढ़ेगी।

## एसकेएमएस कार्यकर्ता कर रहे आंदोलन की तैयारी

**कोरबा।** पिछले महीने एसकेएमएस की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें इकाईयों की मांगों पर विचार विमर्श करते हुए आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गयी है। कोरबा एरिया को ज्ञापन देने के बाद धरना प्रदर्शन की तैयारी की जायेगी। इस संबंध में कोरबा एरिया महामंत्री धरमा राव ने बताया कि पदोन्नति, आवास एवं सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपने की तैंयारी की जा रही है। कुछ दिनों बाद प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिनों का समय दिया जायेगा। इस दौरान अध्यक्ष मनीष सिंह, सुभाष सिंह, कृष्णा तिवारी, अशोक परिहार, रिशभ सिंह, प्रमोदधर दीवान, जय मुखर्जी, राजेश पाण्डेय, उज्जवल बेनर्जी, राजीव श्रीवास्तव सहित मौजूद रहे है।

## मानिकपुर रोड के लिए हो रहा प्रयास

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा मानिकपुर से जीएम आफिस तकसड़क के मरम्मती करण के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए ईकाई व एरिया में अलग अलग इस मुद्दें को उठाया गया था। सचिव संजय सिंह का कहना है। कि दशहरा से पहले सड़क के मरम्मती करण के प्रयास किया जा रहा है। मामले को प्रबंधन ने काफी गंभीरता से लिया है। सड़क के बीचो बीच गड् बन जाने के कारण लोगों को आने जाने में काफी पेरशानी हो रही है। खासकर कामगारों को ड्यूटी आने जाने में परेशानी हो रही है। बरसात का मौसम गुजर जाने के बाद सड़क का निर्माण जरूारी है।

## आरक्षण बचाव यात्रा का स्वागत

**कोरबा।** आरक्षण बचाव यात्रा का आज जगह जगह स्वागत किया गया । चोटिया कटघोरा से होते हुए यह यात्रा कोरबा पहुंच रही है। सुभाष चौक में इसका स्वगत किया जाएगा। इसके बाद इस यात्रा को सक्ति के लिए रवाना किया जाएगा। जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी ने बताया कि जगह जगह यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। कोरबा जिले में सत्यजीत कुर्रे, मनोज हिरवानी , भगवती, राजकुमार नारंगे, तेरस बाई, केशर सोनवानी, मुलचंद आजाद बाबू लाल टंडन, के द्वारा तैयारी की जा रही थी।

## दो अधिवक्ता के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाईन पुलिस ने मारपीट की घटना में दो अधिवक्ता और एक नागरिक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि स्थानीय तहसील कार्यालय में यह घटना हुई। यहां पर बैगिन डभार निवासी रविंद्र सिंह गुरूवार को अपने काम से गए हुए थे, तभी गणेश कुलदीप और मनोज अग्रवाल ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। घटना के दौरान नायब तहसीलदार और अन्य अधिवक्ता ने यहां पहुंचकर हस्तक्षेप किया और डायल 112 को सूचना दी। इसका पता चलने पर मारपीट करने वाले भाग गए। सिविल लाईन थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में दोनों पक्षों के विरूद्ध काउंटर मामला दर्ज किया गया है।

## होटल व्यवसायी को सुनाई गई कारावास की सजा

### ऋण अदायगी के लिए दिया चेक हुआ बाउंस

**कोरबा।** ऋण अदायगी के लिए एक होटल व्यवसायी द्वारा दिया गया चेक बाउंस हो गया, जिस पर अदालत ने फैसला देते हुए आरोपी को एक वर्ष की कारावास तथा अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

मिली जानकारी के अनुसार मोहिनभाठा कटघोरा निवासी गुरूचरण सिंह पिता जनरेंल सिंह भामंरा ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की कटघोरा शाखा से 11 जनवरी 2012 को होटल व्यवसाय के लिए 1 लाख रूपये ऋण लिया था, जिसकी अदायगी निम्नानुसार नहीं किये जाने के कारण उसका ऋण खाता 3 जून 2018 से नॉन परफार्मेंस एसेंट (एन.पी.ए.) की श्रेण में आ गया। बावजूद इसके आरोपी गुरूचरण सिंह द्वारा अपने ऋण खाते में राशि जमा किये जाने हेतु सेविंग बैंक खाता



क्र.77003718289 का चेक क्र. 266101 रकम 1,13,711 रूपये दिनांक 03.05.2019 का प्रदान किया। आरोपी द्वारा प्रदत्त चेक में वर्णित रकम का आहरण करने के लिए बैंक ने जब चेक जमा किया तो उसके खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं था। फलस्वप चेक अनादरित (बाउंस) होकर वापस हो गया। जिसकी विधिक सूचना बैंक द्वारा अधिवक्ता के जरिए गुरूचरण सिंह को दी गई तथा 15 दिवस के भीतर राशि का भुगतान करने को कहा गया। मगर वह भुगतान करने में विफल रहा। जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की कटघोरा शाखा के प्रबंधक द्वारा अधिवक्ता धनेस सिंह के माध्यम से आरोपी से ऋण की राशि वसूलने तथा विधि अनुसार उसे दण्डित करने के लिए न्याययीक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की अदालत में वाद दायर कर दिया। मामले की सुनवाई पूरी करते हुए कटघोरा अदालत के न्यायाधीश पंकज दीक्षित ने अपना फैसला सुनाया जिसमें उन्होंने आरोपी गुरूचरण सिंह को मामले का दोषी मानते हुए एक वर्ष साधारण कारावास तथा 2 लाख रूपये प्रतिकर के रूप में प्ररिवादित बैंक को देने संबंधी सजा सुनाई। साथ ही यह भी कहा कि आरोपी द्वारा प्रतिकर की राशि एक माह में अदा नहीं करने पर उसे 2 माह का कारवास अलग से भुगतना पड़ेगा।

## मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कल

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा सभी एरिया में स्थानीय मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इन सभी मुद्दों को लेकर कल बिलासपुर मुख्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया जायेगा। इस प्रदर्शन में सभी एरिया से कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन स्थानीय मुद्दों को लेकर इकाईयों में गेट मिटिंग किया था। इसके बाद एरिया में जाकर कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपे। अब इन्हीं स्थानीय मुद्दों को लेकर कल बिलासपुर मुख्यालय में आंदोलन होगा। गेवरा से मदन सिंह, प्रितम राठौर, कुलदीप कुमार, विरेंद्र राठौर, बाबू सिंह के द्वारा तैयारी की जा रही है। इनका कहना है कि 100 से अधिक कार्यकर्ता जाने की तैयारी कर रहे है। कुसमुण्डा के अमिया मिश्रा ने बताया कि यहां के कार्यकर्ता भी स्थानीय समस्याओं को लेकर काफी गंभीर है। ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर, राहुल वर्मा, मोरध्वज भार्गव, जशवंत साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुख्यालय जायेंगे। कोरबा एरिया में भी आईआर प्रभारी अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में तैयारी की जा रही है। इस क्षेत्र से बाबूलाल चंद्रा, राजेंद्र यादव, दादूलाल, रंजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह भी कार्यकर्ताओं को लेकर मुख्यालय जायेंगे और अपना विरोध जताते हुए प्रदर्शन करेंगे। तथा अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।

## जल जीवन मिशन: निर्माण कार्य के स्तरहीन होने का आरोप

### एक महीने में टूटी बाउण्ड्रीवाल

**स्थानीय संवाददाता**

**कोरबा।** जल जीवन मिशन के तहत कोरबा जिले पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बंजारी मे लांखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य लोगों तक नल के माध्यम से स्वच्छ पानी पहुंचाना है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से स्तरहीन निर्माण कार्य किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं।

जिले के पोड़ी विकासखंड मे केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल, हर घर जल का हाल बहुत बुरा है। पीएचई विभाग द्वारा बनाई जा रही करोड़ों रुपये खर्च कर जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकीयां सफेद हाथी साबित हो रही है। जिसके कारण यह योजना शुरू होने से पहले ही धाराशायी हो गई। दो माह पूर्व ग्राम पंचायत बंजारी मे बनाई गई पानी टंकी का हाल बत से बत्तर हो गया है, और तो और पानी टंकी के चारो तरफ बने बाउंड्री महज एक महीने मे ही टूट जमीदोज हो गया और पानी टंकी के चारो बेस में बड़ी बड़ी दरारे आ गई है, कुल मिलाकर बंजारी का पानी टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, वही प्रशासन व विभाग चुप्पी साधे बैठा है।

जल जीवन मिशन योजना कि बात करें तो इस योजना कों शासन कि राशि का बंदरबाट करने के लिए विभाग ने ठेका ले रखा है, ग्रामीणों कों तो इसका लाभ नहीं मिल रहा लेकिन ठेकेदार व विभाग के अधिकारी जरूर फल फूल रहे है,या यूँ कहे तो विकास कि गंगा अधिकारीयों व ठेकेदारों कि पास बह रही है। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के प्राय: ग्राम पंचायतो कि पानी टंकी भ्रष्टाचार कि भेंट चढ़ गई है। करोड़ो कि राशि का शासन कों चुना लगाया जा रहा है। गुणवत्ताहीन निर्माण के साथ निर्धारित मटेरियल का उपयोग निर्माण मे नहीं किया जा रहा है वजह यही है कि भारी भरकम टंकी का बेस भी कमजोर हो गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार नही किया जा सकता।



### मजबूती का बिलकुल नहीं रखा ख्याल

वर्ष 2024 मई जून मे निर्माण किऐ गए पानी टंकी के चारो तरफ आहता (बाउंड्रीवाल) बनाया गया तहस। लेकिन यह बाउंड्रीवाल महज कुछ ही दिनों मे टूट कर गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि महज एक ही महीने हुए हैं बाउंड्रीवाल बने लेकिन दीवार इतनी कमजोर बनाई गई कि आज ऐ बाउंडीवाल पूरी तरह से धरासायी हो गया, इससे जाहिर होता है कि ठेकेदारों व विभाग कों ग्रामीणों कि समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है बल्कि अपनी जेब गरम करने के लिए भ्रष्टाचार कर निर्माण कार्य करने मे लगे हुए हैं। सबसे बड़ी बात की विभाग के इंजीनियर ऐसे कार्यों का सत्यापन कर ठेकेदारों से मोटी रकम वसूल लेते हैं। उन्हें निर्माण की गुणवत्ता से कोई मतलब नहीं। बंजारी मे हुए गुणवत्ताहीन निर्माण पानी टंकी कि जांच होती या नहीं, यह उच्चाधिकारियों की मानसिकता पर निर्भर करेंगा।

## 10 लाख किमी का सफर तय किया रन फार जीरो हंगर में बालको ने

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन (वीडी एचएम) के अंतर्गत टाउनशिप वाकथॉन का आयोजन किया। 20 अक्टूबर तक चलने वाले वीडीएचएम 'रन फॉर जीरो हंगर' अभियान में बालको ने अबतक 10 लाख किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। वेदांता कर्मचारियों के लिए एक फ़िटनेस ऐप भी लॉन्च किया है। इस ऐप से पता चलेगा कि कर्मचारी कितने किलोमीटर की दौड़ तय कर चुके हैं।



दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजक वेदांता ने संकल्प लिया है कि कर्मचारियों के प्रत्येक किमी दौड़ने पर एक जरूरतमंद बच्चे को पौष्टिक भोजन मिलेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग खुद को फिट करने के उद्देश्य से मैराथन से जुड़ेंगे और उनके दौड़ने से लाखों जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा। कंपनी ने वीडीएचएम के अंतर्गत विभिन्न वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किय हैं। स्वास्थ्य के साथ सामाजिक भलाई को बढ़ावा देते हुए बालको कर्मचारियों तथा उनके परिवारजन ने टाउनशिप के रन फॉर जीरो हंगर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पिछले हफ्ते बालको कर्मचारी, व्यावसायिक साझेदारों, विद्यार्थी और समुदाय के 1400 से अधिक लोग दौड़ में शामिल हुए। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा बाल विकास में योगदान देने के उद्देश्य से नंद घर परियोजना की शुरूआत की गई है। समुदाय के साथ-साथ कंपनी बच्चों के सर्वागीण विकास में विश्वास रखती है। यह कंपनी के कुपोषण मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वेदांता समूह नंद घर परियोजना से देश भर में सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहा है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com